उज्जैन
गुरुवार
20
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-287
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ डीएवीवी का गेट तोड़कर अंदर घुसे स्टूडेंट्स, 10 पर एफआईआर
7 ▸ भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से हाई-फाइव किया

## बांग्लादेश बोला- भारत से गंगा जल समझौते में गारंटी मांगेंगे

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश गंगा जल संधि में भारत से गारंटी क्लॉज शामिल करने की मांग कर रहा है। बांग्लादेश के जल संसाधन मंत्री शाहिदुद्दीन चौधरी एनी ने मंगलवार को ढाका में यह बात कही। शाहिदुद्दीन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बांग्लादेश इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठा सकता है। दरअसल, भारत और बांग्लादेश के बीच 1996 में हुई गंगा जल संधि दिसंबर 2026 में खत्म हो जाएगी। यह समझौता जनवरी से मई के बीच बांग्लादेश को गंगा का पानी देने से जुड़ा है। बांग्लादेश का कहना है कि मौजूदा संधि सूखे मौसम में उसकी जरूरत के मुताबिक पानी उपलब्ध नहीं कराती है। इसलिए वह नई संधि में ऐसा प्रावधान चाहता है, जिससे भारत निश्चित मात्रा में पानी की आपूर्ति की गारंटी दे। इसी के तहत बांग्लादेश गारंटी क्लॉज में न्यूनतम जल प्रवाह तय करने की मांग कर रहा है।

## सरकार बैकफुट पर हमें आक्रामक रहना है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस नेताओं से कहा कि मोदी सरकार बैकफुट पर है। हमें उसके खिलाफ ज्यादा आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'एकता हमारी पार्टी की ताकत, टीएमसी को देखिए कैसे बिखर गई। नरेंद्र मोदी का शासन आखिरी दौर में है और उनके उत्तराधिकारी की तलाश चल रही है।' न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक राहुल ने ये बातें नई दिल्ली के इंदिरा भवन में कांग्रेस वर्किंग कमेटी यानी सीडब्ल्यूसी की बैठक में कहीं। इसमें सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत 88 नेता शामिल हुए। सीडब्ल्यूसी की यह बैठक संसद सत्र खत्म होने के बाद पहली बार हुई।

## अमेरिका ने 15 दिन में 5200 भारतीय डिपोर्ट किए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरे साल मिशन डिपोर्टेशन तेज कर दिया है। इस अगस्त के पहले 15 दिन में ही 5200 से अधिक भारतीयों को डिपोर्ट किया जा चुका है। इस बार की डिपोर्टेशन लिस्ट में एच-1 बी, ओ-1 और स्टूडेंट वीसा पर अमेरिका गए भारतीय भी शामिल हैं। इन प्रोफेशनल्स की भी अच्छी खासी संख्या है। इस साल हर तीसरे हफ्ते में एक डिपोर्टेशन फ्लाइट रवाना की गई। वहीं, कनाडा के अल्बर्टा प्रांतीय सरकार ने पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट (पीजीडब्ल्यूपी) रद्द कर दिया। अब वहां पर पढ़ाई कर रहे लगभग 1500 भारतीय छात्रों पर डिपोर्टेशन का खतरा बढ़ गया है।

## बांग्लादेश में 35 साल बाद राष्ट्रपति चुनाव आज 349 सांसद वोट डालेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में 35 साल बाद आज राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं। बांग्लादेश में राष्ट्रपति को जनता सीधे नहीं चुनती। संसद के सदस्य राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। इसमें संसद के कुल 349 सांसद वोट डाल सकेंगे। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने बताया कि चुनाव में पारदर्शिता के लिए वोटों की गिनती लाइव प्रसारित की जाएगी। राष्ट्रपति पद के लिए रूलिंग पार्टी बीएनपी के उम्मीदवार मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर और मुख्य विपक्षी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन के प्रत्याशी कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद आमने सामने होंगे। फरवरी में हुए आम चुनाव में बीएनपी को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिली थी। इसलिए फखरुल की जीत लगभग तय मानी जा रही है।

## कांग्रेस वंदे मातरम के दो ही पैरा गाएगी, 1937 के फैसले का पालन करेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वंदे मातरम को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी 1937 में हुई कांग्रेस बैठक में लिए गए फैसले का पालन करेगी। इसके तहत पार्टी के कार्यक्रमों में वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाए जाएंगे। नई दिल्ली के इंदिरा भवन में बुधवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें ही वंदे मातरम पर कांग्रेस ने यह फैसला लिया। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वंदे मातरम और राष्ट्रगान कांग्रेस के लिए भावनात्मक मुद्दे हैं, जबकि भाजपा के लिए ये राजनीतिक मुद्दे हैं। 1950 में संविधान सभा ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया था। इसमें कुल 6 पैरा हैं। 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम पर कांग्रेसी नेताओं के व्यवहार को लेकर विवाद हो रहा है।

## भ्रष्टाचार की फाइलें खोलने की चेतावनी पर तमिलनाडु की राजनीति गरम

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री कार्यालय को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के प्रस्ताव और सड़क निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कझगम और विपक्षी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच टकराव तेज हो गया है। बुधवार को सदन में बहस के दौरान मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने पिछली डीएमके सरकार के कार्यकाल से जुड़ी कथित भ्रष्टाचार की फाइलें सामने लाने की चेतावनी देकर राजनीतिक माहौल और गरमा दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसी दो फाइलें हैं और उन्हें उचित समय पर सार्वजनिक किया जाएगा।

### डोनाल्ड ट्रम्प का ईरान पर सबसे बड़े आर्थिक प्रतिबंधों का ऐलान


# जो देश ईरान की मदद करेंगे, एक्शन लेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने समझौते का मौका गंवा दिया, इसलिए अब उसे आर्थिक तौर पर अलग-थलग किया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान की मदद करने वाले देशों और संस्थाओं पर भी कार्रवाई होगी। इसमें बैंक, कंपनियां, एयरपोर्ट और सरकारी संस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने तेल तस्करी नेटवर्क पर कार्रवाई करने और कैश ट्रांसफर, करेंसी एक्सचेंज, जहाजों के रजिस्ट्रेशन और फर्जी कंपनियों के जरिए ईरान तक पहुंचने वाली आर्थिक मदद को रोकने की बात कही।

### अमेरिकी प्रतिबंधों का ईरान पर क्या असर पड़ेगा?

- अमेरिका की नई कार्रवाई का सबसे बड़ा असर ईरान के तेल कारोबार और पैसे के लेनदेन पर पड़ सकता है। ईरान की कमाई का बड़ा हिस्सा तेल बेचने से आता है।
- अगर दूसरे देश, बैंक और कंपनियां अमेरिकी कार्रवाई के डर से ईरान के साथ कारोबार कम करते हैं, तो ईरान के लिए तेल बेचना और विदेशों से पैसा लेना मुश्किल हो सकता है।
- तेल की तस्करी और फर्जी कंपनियों पर कार्रवाई होने से ईरान के लिए छिपकर कारोबार करना और अमेरिकी कार्रवाई से बचना भी मुश्किल होगा।
- ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर ईरान को दुनिया से आर्थिक तौर पर अलग करने की कोशिश करेगा।



ट्रम्प का दावा- ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को बड़ा नुकसान हुआ है और उसके कई सैन्य कारखाने तबाह हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मुद्रा की हालत बहुत खराब है और देश आर्थिक संकट में है।

ट्रम्प ने अमेरिका की नई आर्थिक कार्रवाई को इकोनॉमिक डी-डे बताया। आसान भाषा में इसका मतलब है कि अमेरिका ईरान पर बहुत बड़ा आर्थिक दबाव बनाने जा रहा है। उन्होंने दूसरे देशों से भी ईरान की मदद बंद करने और अमेरिका के साथ इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

## दिल्ली में पाक हाई कमीशन के बाहर चला जेसीबी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

नई दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर बने कुछ ढांचों को अधिकारियों ने हटा दिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इन ढांचों की जांच में पाया गया कि वे हाई कमीशन के लिए तय और मंजूर सीमा से बाहर बने थे। इसके बाद संबंधित एजेंसियों ने गुरुवार को जेसीबी की मदद से इन ढांचों को तोड़ दिया। कार्रवाई में हाई कमीशन के बाहर सड़क की लेन में लगाए गए बैरिकेड्स, लोहे की फेंसिंग और अन्य अस्थायी ढांचे भी हटाए गए। वीजा सेक्शन के पास लोगों की कतार संभालने के लिए लगाए गए स्ट्रक्चर भी इस कार्रवाई की चपेट में आए। मौके पर बड़ी मात्रा में मलबा दिखाई दिया।

**वीजा सेक्शन के बाहर बिखरा मलबा-** कार्रवाई के बाद मौके पर टूटी हुई लोहे की रेलिंग, गेट, धातु के फ्रेम, छत की चादरें, ईंटें और कंक्रीट-प्लास्टर के टुकड़े बिखरे नजर आए। बाहरी हिस्से की सफेद धातु की फेंसिंग और कॉरुगेटेड रूफिंग के कुछ हिस्से पूरी तरह हटा दिए गए।

### रजिस्ट्री पर सेस-उपकर में छूट का रास्ता साफ

# निवेश और स्वामित्व योजना को मिलेगा बढ़ावा

## उज्जैन जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर के लिए भी यह व्यवस्था महत्वपूर्ण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश में रजिस्ट्री से जुड़े सेस और उपकर में छूट देने की प्रक्रिया अब आसान हो गई है। राज्य सरकार को इसके लिए संबंधित विभागों की अलग-अलग अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार अधिसूचना जारी कर संबंधित दस्तावेजों पर सेस या उपकर में छूट दे सकेगी। विधानसभा से पारित उपकर संशोधन अधिनियम-2025 को राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद यह प्रावधान प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही इस संबंध में पहले लागू किया गया अध्यादेश भी निरस्त हो गया है।

सरकार ने यह व्यवस्था मुख्य रूप से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से की है। इसका लाभ प्रदेश के आम नागरिकों के साथ उद्योग और निवेशकों को भी मिल सकेगा। दरअसल, 13 मार्च को हुई कैबिनेट बैठक में स्वामित्व योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद रजिस्ट्री पर लगने वाले सेस और उपकर को लेकर बदलाव की जरूरत महसूस हुई थी। स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश में करीब 46 लाख ऐसे लोग चिह्नित किए गए हैं, जिनके पास अपनी संपत्ति से संबंधित स्वामित्व दस्तावेज नहीं हैं। राज्य सरकार ने ऐसे हितग्राहियों की संपत्ति की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का निर्णय लिया है। इस पूरी प्रक्रिया पर लगभग 3 हजार करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

रजिस्ट्री शुल्क से राहत के बावजूद ग्रामीण विकास और नगरीय विकास विभाग से संबंधित सेस भी रजिस्ट्री पर लग रहा था। इससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार बढ़ रहा था। इसी को देखते हुए सेस और उपकर से छूट देने के लिए सरकार को अधिकार देने का प्रावधान किया गया है। अब संबंधित विभागों से अलग अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

### यह व्यवस्था महत्वपूर्ण

उज्जैन जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर के लिए भी यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए शहर और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास एवं निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में जमीन, अधोसंरचना और औद्योगिक निवेश से जुड़े मामलों में प्रक्रियाओं का सरलीकरण निवेशकों के लिए सुविधा बढ़ा सकता है। नई व्यवस्था से एक ओर स्वामित्व योजना के हितग्राहियों को रजिस्ट्री संबंधी राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में निवेश का वातावरण बेहतर बनाने में भी मदद मिल सकती है।

### उद्योग और निवेशकों को भी मिलेगा लाभ

नए प्रावधान का लाभ प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगों और निवेशकों को भी मिल सकेगा। सरकार द्वारा जमीन, लीज, रजिस्ट्री तथा अन्य मामलों में निवेशकों को दी जाने वाली रियायतों के साथ अब सेस और उपकर में छूट देने की प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी। सरकार निवेशकों के साथ हुए समझौते या एमओयू के आधार पर अधिसूचना जारी कर आवश्यक छूट दे सकेगी।

## चीनी के दामों में लगी आग, 65 रुपये किलो तक पहुंची कीमतें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

त्योहारी सीजन के पहले ही चीनी के दामों में आग लग गई है। चीनी के दाम आसमान छू रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अभी दाम और बढ़ेंगे।

त्योहारी मौसम शुरू होने से पहले ही चीनी के दामों में तेजी आई है। खुदरा बाजार में चीनी पहली बार 65 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। कारोबारियों के अनुसार, पिछले 15 दिन में इसके दाम करीब 15 रुपये प्रति किलो तक बढ़े हैं। कारोबारियों का कहना है कि सीजन के अंतिम दौर में चीनी का भंडार कम है। मांग के मुकाबले आपूर्ति घटने से दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक, बाजार में मांग की तुलना में करीब आधी ही चीनी की आपूर्ति हो पा रही है। आने वाले दिनों में रक्षाबंधन, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी और दिवाली जैसे त्योहारों से मांग और बढ़ेगी।

### बांग्लादेशी नेता बोला

## हिंदुओं को आसानी से मार सकते हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका**

बांग्लादेश में अल-कायदा से जुड़े नेता हारुन इजहार का हिंदुओं को लेकर विवादित बयान सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में वह कहता नजर आ रहा है कि हिंदुओं को आसानी से मारा जा सकता है।

यह वीडियो चटग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम का है। इसमें इजहार यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि उसे खुद कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उसके समर्थक ही ऐसा करने के लिए काफी हैं।

शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों और भेदभाव के कई आरोप लग चुके हैं।




**हारुन इजहार कौन है-** हारुन इजहार बांग्लादेश के चटग्राम का कट्टरपंथी इस्लामी नेता है और हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़ा रहा है। उसके पिता मुफ्ती इजहारुल इस्लाम भी चटग्राम के एक चर्चित इस्लामी नेता और मदरसा संचालक रहे हैं। हारुन का नाम लंबे समय से कट्टरपंथ और हिंसक गतिविधियों से जुड़े मामलों में सामने आता रहा है। 2013 में चटग्राम के ला ला खा ना बाजार स्थित मदरसे में विस्फोट हुआ था। इस घटना में तीन लोगों की मौत हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने विस्फोटक बनाने की सामग्री, तेजाब और बिना फटे ग्रेनेड बरामद किए थे। इस मामले में हारुन और उसके पिता समेत कई लोगों पर केस दर्ज हुआ था।

### प्रधानमंत्री के सलाहकार ने कहा

# रुपए को गिरने से बचाने की जरूरत नहीं

## मार्केट को तय करने दें करेंसी का स्तर महंगाई-कंट्रोल करने पर ध्यान दे भारत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा कि भारत को रुपए में गिरावट रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। इसके बजाय उसे मार्केट के हिसाब से अपना स्तर तय करने देना चाहिए। वहीं हमारा मुख्य फोकस महंगाई दर को कंट्रोल में रखने पर होना चाहिए। सान्याल ने कहा कि जब देश ने इन्फ्लेशन टारगेटिंग फ्रेमवर्क को अपनाया था, तब उसने करेंसी एक्सचेंज रेट के ऊपर मॉनेटरी पॉलिसी को चुना था।

### महंगाई कंट्रोल करना प्राथमिक लक्ष्य

संजीव सान्याल ने बताया कि ओपन कैपिटल अकाउंट वाली अर्थव्यवस्थाओं में पॉलिसी मेकर्स के सामने कई चुनौतियां होती हैं। भारत का फ्रेमवर्क इस सिद्धांत पर आधारित है कि कोई भी देश एक साथ स्वतंत्र मॉनेटरी पॉलिसी चलाने और अपनी करेंसी की विनिमय दर को सख्ती से कंट्रोल करने का काम नहीं कर सकता। भारत जैसे बड़े और आंतरिक रूप से मजबूत देश के लिए रुपए की दर तय करने के बजाय महंगाई दर को लक्षित करना ही सही कदम है।

### अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने कहा

# आरएसएस पर बैन लगे

## यहां आने वाले संघ के नेताओं को सम्मान न मिले, भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क जाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग यानी यूएससीआईआरएफ ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आयोग के अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार से आरएसएस नेताओं को राजनयिक सम्मान नहीं देने और उनके साथ उच्चस्तरीय बैठकें नहीं करने को कहा है। आयोग के चेयरमैन आसिफ महमूद ने कहा कि पीएम मोदी आरएसएस के सदस्य हैं और इसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। महमूद का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे से कुछ हफ्ते पहले आया है। भागवत 25 अगस्त से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे। वे 29 अगस्त को न्यूयॉर्क में अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग की ओर से आयोजित यूनिवर्सल ऑननेस सेलिब्रेशंस कार्यक्रम में

**प्रतिबंध लगाने पर ध्यान देना चाहिए-** यूएससीआईआरएफ कमिश्नर जीन मिल्स ने कहा कि आरएसएस नेता अगर भारतीय सरकार से जुड़े भी हों, तब भी उन्हें उच्चस्तरीय बैठकों या राजनयिक सम्मान का हकदार नहीं माना जाना चाहिए। मिल्स ने कहा कि इसके बजाय अमेरिकी सरकार को धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार पाए गए आरएसएस सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने पर ध्यान देना चाहिए। महमूद ने पोस्ट में कहा, 'भारत के प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य हैं। आरएसएस एक भारतीय संगठन है, जिसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों, जिनमें ईसाई और मुस्लिम शामिल हैं, पर हमले किए हैं।

# भारत दौरे पर आ सकते हैं चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग

## 12-13 सितंबर को दिल्ली में ब्रिक्स समिट, दोनों देशों में सीमा विवाद पर होगी बात

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मेलन में शामिल होने की पुष्टि है। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी भारत आने की तैयारियां चल रही हैं।

अगर जिनपिंग भारत आते हैं तो यह करीब 7 साल बाद उनकी भारत यात्रा होगी। इससे पहले वे अक्टूबर 2019 में भारत आए थे।

विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, चीन की ओर से जिनपिंग के दौरे की अभी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, दोनों देशों की एडवांस टीमों के दौरे और अन्य तैयारियों से उनके भारत आने की संभावना जताई जा रही है। जिनपिंग के दौरे से पहले भारत और चीन के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत चल रही है।

### जिनपिंग से बातचीत में सीमा विवाद सबसे अहम मुद्दा

जिनपिंग के भारत दौरे की तैयारियों में एलएसी पर शांति और सीमा विवाद सबसे अहम मुद्दों में है। दोनों देश सीमा पर ऐसी व्यवस्था बनाने पर बात कर रहे हैं, जिससे किसी सैन्य घटना या तनाव का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर न पड़े। जिनपिंग की संभावित यात्रा से पहले एनएसए अजीत डोभाल सीमा मुद्दे पर 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता के लिए बीजिंग जा सकते हैं। वहां उनकी चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात हो सकती है। बातचीत में सीमा प्रबंधन, तनाव कम करने और स्थायी शांति के उपायों पर फोकस रहेगा।




### एनसीईआरटी ने 20 सदस्यीय टीम बनाई, दावा- 4 प्रोफेसर आरएसएस से जुड़े

# कक्षा 11वीं-12वीं पॉलिटिकल साइंस की नई किताबें तैयार होंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

एनसीईआरटी ने क्लास 11वीं और 12वीं की पॉलिटिकल साइंस की नई किताबें तैयार करने के लिए 20 सदस्यीय टेक्स्टबुक डेवलपमेंट टीम का पुनर्गठन किया है।

नई टीम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी यानी एनईपी 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम और किताबें तैयार करेगी। प्रो. संदीप शास्त्री को टीम लीडर बनाया गया है। डॉ. वंथांगपुई खोबुंग और डॉ. सुभाष सिंह को-ऑर्डिनेटर होंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 सदस्यीय टीम में कम से कम चार सदस्य आरएसएस या उससे जुड़े संगठनों से जुड़े रहे हैं। इनमें यदुनाथ देशपांडे, डॉ. प्रशांत दिवेकर, प्रो. वंदना मिश्रा और डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ला शामिल हैं।

### पहले 11वीं की किताब तैयार होगी, 30 नवंबर तक का लक्ष्य

एनसीईआरटी ने कक्षा 11वीं की राजनीति विज्ञान की किताब 30 नवंबर 2026 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा है। कक्षा 12वीं की किताब 30 जुलाई 2027 तक तैयार की जानी है। टीम में विश्वविद्यालयों, लॉ स्कूलों, ओपन-लर्निंग संस्थानों और सरकारी संस्थाओं के शिक्षाविद, शिक्षक और विशेषज्ञ शामिल हैं।

### इंडियन नॉलेज सिस्टम पर खास जोर

नई राजनीति विज्ञान की किताबों में भारतीय ज्ञान और संस्कृति से जुड़े विषयों पर खास ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा समानता, सभी को साथ लेकर चलना, मूल्य शिक्षा, पर्यावरण और तकनीक से जुड़े विषय भी पढ़ाए जाएंगे। किताबें तैयार करने के लिए एनसीईआरटी के विशेषज्ञों से भी सलाह ली जाएगी।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 20 अगस्त, 2026



## खबर एक नजर...

### राज्य स्तरीय थांग-ता प्रतियोगिता में उज्जैन की शिल्पा उमठ ने जीता रजत पदक

**उज्जैन।** दतिया के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 7वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय थांग-ता प्रतियोगिता में उज्जैन के पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट की छात्रा शिल्पा उमठ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। मध्य प्रदेश थांग-ता एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 अगस्त तक किया गया था, जिसमें प्रदेश के कई जिलों की टीमों ने भाग लिया। पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अभिषेक मरमट ने बताया कि बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शिल्पा ने उज्जैन टीम के साथ इस स्पर्धा में भागीदारी की। उन्होंने सीनियर वर्ग में थांग-ता की प्रथम स्टाइल फुनाबा आमा के माइनस 72 किलोग्राम वजन समूह में हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर रजत पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ी की इस शानदार सफलता पर पाटीदार नर्सिंग इंस्टिट्यूट के संचालक, प्राचार्य, उप प्राचार्य और सभी स्टाफ सदस्यों ने शिल्पा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### टर्फ क्रिकेट खेलकर मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस

**उज्जैन।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर शहर के फोटोग्राफर्स ने कैमरे के साथ-साथ खेल के मैदान पर भी अपनी प्रतिभा दिखाई। उज्जैन फोटोग्राफी एसोसिएशन के तत्वावधान में सेंट पॉल स्कूल के पास हरिओम टोल कांटा स्थित मैदान पर मिलन समारोह और टर्फ क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ साथियों सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर्स ने हिस्सा लिया। सभी ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए टर्फ क्रिकेट का आनंद लिया। खेल के साथ ही साथी फोटोग्राफर्स ने आपस में अनुभव साझा किए और फोटोग्राफी की नई तकनीकों व रुझानों पर चर्चा की। आयोजन को सफल बनाने के लिए साधना कैमरा एवं स्टोरी स्टूडियो ने उज्जैन फोटोग्राफी एसोसिएशन और उपस्थित सभी फोटोग्राफर्स का आभार माना। सदस्यों और स्टूडियो संचालकों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समुदाय में एकजुटता, मित्रता और नया कुछ सीखने की भावना को बढ़ावा मिलता है।

### प्रभारी मंत्री गौतम टटवाल ने किया सम्मान, कलेक्टर व एसपी ने की सराहना

उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य परेड समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत सफल संचालन करने पर शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को सम्मानित किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टटवाल ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित कर सूत्रधार की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर रोशन सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने भी उनके कुशल संचालन की प्रशंसा करते हुए उनका अभिनंदन किया।

### पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परामर्श शिविर आज से

**उज्जैन।** शहर के क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 अगस्त तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की निःशुल्क जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करेंगे। शिविर में लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर, चर्म रोग और निःसंतानता जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जाएगा। शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं और बच्चों की स्मरण शक्ति व आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी विशेष दवाएं दी जाएंगी।

### तिरुपति बालाजी में होने वाले सातवें राष्ट्रीय अधिवेशन पर सेन समाज ने की चर्चा

**उज्जैन।** आल इंडिया सेन समाज नईदिल्ली की उज्जैन यूनिट के कार्यक्रम में तिरुपति बालाजी में होने वाले सातवें राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ नए सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार के अनुसार कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक गिरधारीलाल सेन ने उज्जैन के पदाधिकारियों को तिरुपति में प्रस्तावित अधिवेशन की रूपरेखा की जानकारी दी और उन्हें आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में संरक्षक रज्जू सेन, गुजरात के राष्ट्रीय महासचिव सुरेशचंद्र शर्मा, इंदौर के सचिव एवं उद्योगपति अनिल सेन, महिला अध्यक्ष शोभा छानीवाल सहित गुना, बीना, सूरत और इंदौर से आए राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर उज्जैन सेन समाज के प्रमुख मंगेश कश्यप, सुरेंद्र सेन, शिवनारायण झाला, प्रेम यादव, ओम लाहौरी, जगदीश देवड़ा, रविन्द्र सेन भैसोदा, लाखन सेन, आशीष सेन, मनोज गहलोत, अभिषेक सेन, मनोज सेन और नितेश चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश सोलंकी ने किया तथा आभार मनोहर परमार ने माना।

# समभाव रखकर कर्तव्यों का निर्वहन ही तुलसीदास का सार्वकालिक संदेश

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित, कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र सारस्वत सम्मान से अलंकृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




एक दूसरे के प्रति समभाव रखकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना ही तुलसीदास का सार्वकालिक संदेश है। परंपरा से प्राप्त ग्रंथों की हमें सार्थक व्याख्या करनी चाहिए और किसी एक अंश के बजाय पूरे प्रसंग को समझना चाहिए जिससे अर्थ का अनर्थ न हो। यह बात मुख्य अतिथि व पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने कही।

वे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला एवं प्रेमचंद सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में श्रावण शुक्ल सप्तमी पर आयोजित तुलसीदास और सामाजिक समरसता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संस्कृत और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र को शॉल, मौक्तिक माल, साहित्य एवं पुष्पमाल अर्पित कर गोस्वामी तुलसीदास सारस्वत सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि तुलसीदास ने रामराज्य को सभी प्रकार की समरसता का आदर्श बताया है। वे अपने काव्य और श्रीराम के जीवन चरित के माध्यम से संपूर्ण समाज को प्रेम और समरसता से जोड़ने की चेष्टा करते हैं। उनका यह संदेश युगों तक जीवित रहेगा।

प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने कहा कि तुलसी की कविता आत्मस्वीकृति की कविता है। विनयपत्रिका में उन्होंने स्वयं का आत्मालोचन किया है। तुलसी ऐसे प्रथम कवि हैं जिन्होंने सिद्ध किया कि हिंदी तद्भव प्रधान भाषा है। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने स्वागत भाषण दिया। संगोष्ठी में मप्र लोक सेवा आयोग की पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. उर्मि शर्मा, वरिष्ठ कवि अशोक भाटी और शाजापुर के डॉ. भेरूलाल मालवीय ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान अजय मेहता, सुंदरलाल मालवीय, शैलेंद्र भट्ट और सीमा देवेंद्र जोशी ने तुलसीदास के पदों की सांगीतिक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कवि अशोक भाटी और संगीता तल्लेरा ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर मीरा जैन

### श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति का सात दिवसीय आयोजन

# शिव महापुराण कथा में सुनाया सती चरित्र आज मनेगा शिव-पार्वती विवाह उत्सव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड पवांसा स्थित शीतल स्कूल के पास श्रीराम विजय वाटिका में शंखनाद समिति द्वारा सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्य अजय शंकर तिवारी ने शिव महिमा के अंतर्गत सती चरित्र का वाचन किया। कथा प्रसंग में अगले दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित की जा रही है।

आयोजन में अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव यादव और अभय यादव शामिल हुए। कथा के यजमान शंखनाद समिति के अध्यक्ष संजय पंवार, बंशीलाल भाटी, रमेश गुर्जर, तूफान मालवीय और राजू देवड़ा रहे।

कथा संयोजक आनंद सिंह खींची और कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गौड़ ने बताया कि कथा 24 अगस्त तक चलेगी। कथा विश्राम के अगले दिन 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी, नीमनवासा और शंकरपुर क्षेत्र की संयुक्त विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 5000 से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

### ब्रह्माकुमारी द्वारा नशा मुक्ति का संकल्प ग्रहण करवाया

**उज्जैन।** कालिदास मॉण्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों के द्वारा 1000 नशा मुक्ति संकल्प के तहत विद्यार्थियों को विविध प्रकार के नशे तथा उनसे मुक्ति के मार्ग सुझाए गए तथा राजयोग के माध्यम से मन को सकारात्मक बनाए रखने के उपाय बताए गए । इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्था से बीके सोनू दीदी, बीके नीरजा बहन, बीके मिनी दीदी एवं बीके गिरजा बहन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष माननीय श्री माणकलाल जी गिरिया,विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश जोशी, उप प्राचार्य श्रीमती अंजलि पुरोहित, उप प्राचार्य श्रीमती डॉ निधि बाकलीवाल के द्वारा ब्रह्मकुमारी बहनों का स्वागत किया गया । आभार प्राचार्य श्री राजेश जोशी द्वारा माना गया । इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर श्रीमती जूही सोनेजा, शिक्षक प्रतिनिधि श्रीमती राजश्री कुलमी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### आज होगा 41वां राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

## दो चरणों में होगा प्रतिभाओं का सम्मान, प्रदेशभर से जुटेंगे अतिथि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी का 41वां राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 20 अगस्त को गोल्डन पेट्रोल पंप के सामने स्थित इंपीरियल होटल में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि यह समारोह समाजसेवी अजीज दरगाह वाला और झालावाड़ के भूतपूर्व शासकीय अधिवक्ता मोहम्मद मंसूर आलम की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

समारोह दो चरणों में होगा। पहले चरण में प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं और संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर भोपाल की जिला फॉरेंसिक ऑफिसर डॉ. प्रीति गायकवाड, इंदौर हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज शमीम अहमद, झालावाड़ के भूतपूर्व शासकीय अधिवक्ता तौकीर आलम, महू के यूथ आइकॉन फरदीन खान, इंदौर के मोटिवेशनल स्पीकर आदिल रशीद, देवास के इनोवेटिव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सैयद मकसूद अली, इंदौर की खेल कराटे कोच शीनेम खान, इंदौर के राजेश त्रिवेदी, विश्वविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इरशाद खानम और शिक्षाविद कमर अली उपस्थित रहेंगे और प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शबनम अली करेंगी। आयोजन की जानकारी संयोजक इकबाल उस्मानी और प्रचार सचिव चेतन ठक्कर ने दी।

# राष्ट्र निर्माण में बच्चों की महती भूमिका, नवाचार से करेंगे देश की प्रगति




### जिला न्यायालय में उल्लास के तहत प्रतिभा सम्मान समारोह व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर अभिनव प्रयोग उल्लास के तहत प्रतिभा सम्मान समारोह और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता ने ध्वजारोहण के बाद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

समारोह में प्रधान जिला न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में बच्चों की महती भूमिका है। बच्चे ही भविष्य के प्रबुद्ध नागरिक, योग्य विचारक, समाज सुधारक और कल्याणकारक होते हैं। जिस तरह किसी भवन की दृढ़ता उसकी नींव पर निर्भर करती है, उसी प्रकार राष्ट्र की भावी उन्नति आज के बच्चों पर निर्भर है। बच्चे अपनी शिक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में योगदान देंगे। उल्लास कार्यक्रम के तहत 26 जून को न्यायालयीन अधिकारी और कर्मचारियों के बच्चों के लिए निबंध लेखन, गायन, वादन, नृत्य और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। शिविर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

### अखाड़ा परिषद ने लगाए मिलीभगत के आरोप, सिंहस्थ से पहले साधु-संतों में आक्रोश

# 900 करोड़ खर्च के बाद भी शिप्रा में मिल रहा फैक्ट्रियों का जहरीला पानी और सीवेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 से पहले शिप्रा नदी के शुद्धिकरण को लेकर चल रहे 900 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट के बावजूद नदी में गंदे नालों और फैक्ट्रियों का जहरीला पानी लगातार मिल रहा है। स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास ने देवास की फैक्ट्रियों और त्रिवेणी से गऊघाट तक के होटलों का सीवेज शिप्रा में मिलने पर अधिकारियों व नगर निगम की मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। प्रदूषण को लेकर साधु-संतों में भारी आक्रोश है और जल्द ही अखाड़ा परिषद बैठक कर कठोर निर्णय ले सकता है।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास ने साधु-संतों के साथ शिप्रा के घाटों और देवास का दौरा किया। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों की फैक्ट्री संचालकों से मिलीभगत के कारण फैक्ट्रियों का जहरीला पानी शिप्रा में प्रवाहित हो रहा है। एक ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण शिप्रा प्रदूषण मुक्त नहीं हो पा रही है। एनजीटी ने भी शिप्रा में मिल रहे गंदे नालों को लेकर अधिकारियों पर तीखे सवाल किए हैं।

**919.94 करोड़ की डायवर्जन परियोजना भी सवालों के घेरे में**

कान्ह नदी के प्रदूषित पानी को रोकने के लिए 919.94 करोड़ रुपए की कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना पर काम चल रहा है। इसमें 30.15 किलोमीटर लंबी प्रणाली से प्रदूषित पानी डायवर्ट किया जाना है। जून 2026 में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने इसका निरीक्षण भी किया था, लेकिन शहर के हाटकेश्वर, पीलियाखाल और भैरवगढ़ नाले अभी तक नहीं रोके जा सके हैं।

अखाड़ा परिषद और जिम्मेदारों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल उठाए हैं। यह पूछा गया है कि शिप्रा में मिलने वाले सभी नालों को तत्काल पूरी तरह टैप क्यों नहीं किया गया और हाटकेश्वर, पीलियाखाल व भैरवगढ़ नाले शिप्रा तक पहुंचने से क्यों नहीं रोके गए। करोड़ों की योजनाओं के बावजूद सीवेज की समस्या कायम क्यों है और नालों की मॉनिटरिंग व एसटीपी व्यवस्था की जिम्मेदारी किस विभाग की है। प्रशासन को केवल दावे करने के बजाय सिंहस्थ से पहले शिप्रा को प्रदूषण मुक्त करने की स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजना सार्वजनिक करनी चाहिए।

### हजारी हनुमान मंदिर में उमड़े देशभर के संत और श्रद्धालु, महाभंडारे का हुआ आयोजन

# बफार्नी अमरनाथ पार्थिव शिवलिंग अभिषेक के साथ सवा ग्यारह लाख शिवलिंग अनुष्ठान की पूर्णाहुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मक्सी रोड पवासा स्थित हजारी हनुमान मंदिर में चल रहे सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक अनुष्ठान का बुधवार 19 अगस्त को विधि-विधान से समापन हो गया। पूर्णाहुति के विशेष अवसर पर बर्फ से निर्मित अमरनाथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। यह पूरा आयोजन राजकीय अतिथि एवं अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य के सान्निध्य और अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर अखाड़ा परिषद के महामंत्री राजेंद्रदास महाराज, जगद्गुरु वैदेही जी शरण, अहमदाबाद जगन्नाथ मंदिर के दिलीपदास महाराज और महेंद्र भाई झा विशेष रूप से उज्जैन पहुंचे। इनके अलावा निगम अध्यक्ष कलावती यादव और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुपुत्र वैभव यादव ने भी दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

हजारी हनुमान मंदिर के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 अगस्त से शुरू हुए इस सात दिवसीय अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे से शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक किया जा रहा था। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, अच्छी वर्षा, जन कल्याण, सनातन धर्म व गौ माता की रक्षा के साथ 2027 के नासिक कुंभ और 2028 के उज्जैन सिंहस्थ के शांतिपूर्ण संपन्न होने की कामना था। माधवाचार्य एक हजार से अधिक खालसाओं के अध्यक्ष हैं और आगामी सिंहस्थ में दिगंबर अखाड़े के खालसा तथा वैष्णव मंगलनाथ क्षेत्र की पूरी व्यवस्था का मार्गदर्शन वही करेंगे।

**देशभर के साधु-संत हुए शामिल**

बाहर से आए सभी संतों का स्वागत महंत परमेश्वरदास त्यागी ने किया। अनुष्ठान में अयोध्या के महामंडलेश्वर सीतारामदास, बांसवाड़ा के हरिओमदास, पुरी के रामकृष्णदास, इंदौर के राधेराधे व रामगोपालदास, भावनगर के गरीबरामदास, नासिक के भक्तिचरणदास, दाहोद के जगदीशदास, चींच के घनश्यामदास, नैमिषारण्य के लक्ष्मणदास भोले, भोपाल के राम प्रवेशदास, 13 भाई त्यागी के बृजमोहनदास, बनारस के रामलोचनदास और सूरत के रामनरेशदास मौजूद रहे।

इनके साथ ही नडियाद के महंत महावीरदास, जगन्नाथपुरी के विश्वंभरदास, रामचरणदास, पूर्णचंद्रदास, हनुमान टेकरी मलाड़ के रामचंद्रदास, दाऊजी मंदिर डाकोर के श्रीनिवासदास सहित तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के महंत व तपस्वी शामिल हुए।

# स्वच्छता, संस्कृति का संदेश देकर चिंतामन जवासिया से महाकाल तक निकली भव्य कलश यात्रा

### जवरेश्वर महादेव से शुरू हुई यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, पूरे मार्ग पर कचरा प्रबंधन और अनुशासन पर रहा जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम चिंतामन जवासिया स्थित जवरेश्वर महादेव से महाकाल तक हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक ग्रामीण वेशभूषा में शामिल ग्रामीणों ने उत्साह के साथ महाकाल पहुंचकर जलाभिषेक किया। यह कलश यात्रा केवल धार्मिक आयोजन न रहकर स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक एकता और ग्रामीण संस्कृति का संदेश देने वाली अनुकरणीय यात्रा बनी।

मंजीलाल भाई के अनुसार पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छता और कचरा प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा गया। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं फलाहार की व्यवस्था की गई थी। इन स्थानों पर डस्टबिन रखे गए थे ताकि कचरा सड़क पर न फैले। राहगीरों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रखते हुए अनुशासित तरीके से यात्रा निकाली गई और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज भी मर्यादित रखी गई।

मंजीलाल भाई ने बताया कि यात्रा के समापन के पश्चात चिंतामन स्थित सूरज गार्डन में सभी ग्रामवासियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस भव्य यात्रा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। यात्रा के दौरान मंजीलाल भाई और ग्राम की सरपंच लच्छिता डागर पूरे समय उपस्थित रहीं और ग्रामीणों के साथ मिलकर व्यवस्थाएं संभालीं।

उज्जैन
गुरुवार
20
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।

**अर्थः** धर्म की रक्षा सत्य से, ज्ञान की साधना से, रूप-स्वच्छता से और परिवार की रक्षा आचरण से होती है।

## खबर एक नजर...

### जर्मन युवती से इंदौर में की बदसलूकी

**इंदौर।** जर्मनी से इंदौर घूमने आई एक युवती के साथ गांधी हॉल में कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती प्रदर्शनी की फोटो खींच रही थी, इसी दौरान वहां तैनात चौकीदार ने उसके पास पहुंचकर अश्लील हरकत की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। युवती ने आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगी और पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर एमजी रोड पुलिस ने आरोपी दीपक मीणा (25), निवासी नरसिंहपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद युवती ने पुलिसकर्मियों को आरोपी की पहचान बताने के साथ उसकी वर्दी की जानकारी दी। पुलिस ने आसपास तलाश शुरू की तो आरोपी मिल गया। युवती ने उसे पहचान लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पालदा क्षेत्र में रहता है और करीब एक महीने पहले ही राजेंद्र नगर क्षेत्र की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी पर लगा था। पुलिस के मुताबिक, युवती जर्मनी की राजधानी बर्लिन की रहने वाली है। वह करीब एक महीने पहले दिल्ली आई थी और वहां एक जर्मन डेवलपमेंट कंपनी में काम कर रही है। शुक्रवार को वह इंदौर आई थी और विजयनगर क्षेत्र के एक होटल में ठहरी थी। घटना के बाद सोमवार रात करीब 2 बजे पुलिस ने उसे होटल छोड़ा। मंगलवार को वह दिल्ली रवाना हो गई।

### इंदौर के प्री-स्कूल में बच्ची को टीचर ने कहे अपशब्द

**इंदौर।** 3 साल की बच्ची से स्कूल टीचर द्वारा अभद्रता करने और उसे शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामला विजय नगर स्थित फर्स्टक्राई इंटेलिटाट्स प्री-स्कूल का है। बच्ची यहां नर्सरी में पढ़ती है। बच्ची के पिता रत्नेश की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रत्नेश ने शिकायत में बताया कि वे 8 अगस्त को बेटी को लेने स्कूल गए थे। वह उदास दिख रही थी। बातचीत में उसने बताया कि मैम उसे गंदा कहती हैं। बच्ची ने रोते हुए बताया कि उसे स्कूल में बहुत बुरा लगता है। मैडम ने उसे चिमटी काटी। इसके अगले दिन रत्नेश ने बेटी के लिए वॉइस रिकॉर्डर खरीदा और उसे बच्ची के बैग में रखकर स्कूल भेज दिया।

### इंदौर में नौकरी का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक युवक ने अकादमी संचालक पर उससे 5 लाख रुपए और दो युवतियों से नौकरी लगवाने के नाम पर 3-3 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, भोलाराम उस्ताद मार्ग निवासी सौरभ ठाकुर ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि आनंद नगर स्थित श्री हरिगोपाल कॉम्प्लेक्स के ऑफिस नंबर 102 में संचालित ब्लू मून एविएशन एकेडमी के संचालक अमित कुमार सिन्हा ने एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 5 लाख रुपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई। सौरभ ने बताया कि वह एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी के लिए अकादमी में एडमिशन लेने पहुंचा था। उस समय अमित सिन्हा ने बताया कि नई बैच मार्च 2027 से शुरू होगी। इसके बाद सौरभ ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दो दिन बाद उसने अमित को कॉल किया तो उसने बताया कि इंटरव्यू के लिए मुंबई जाना पड़ेगा। इसके लिए 2 लाख रुपए फीस बताई और ऑनलाइन राशि भेजने को कहा, ताकि उसका नाम आगे भेजा जा सके। काफी दिन तक अमित का कोई कॉल नहीं आया। इसके बाद सौरभ ने दोबारा संपर्क किया तो उसने दिल्ली आने और बिना इंटरव्यू के सीधे जॉइनिंग कराने की बात कही। इसके लिए 3 लाख रुपए मांगे गए। सौरभ ने ऑनलाइन 3 लाख रुपए भेज दिए, लेकिन इसके बाद भी जॉइनिंग के लिए कोई कॉल नहीं आया।

### बिना टेंडर बेटे की गाड़ी पंचायत में अटैच, सरकारी रकम से कराया भुगतान

**इंदौर।** ग्राम पंचायत बांक में बेटे के वाहन को नियमों को ताक पर रखकर पंचायत में अटैच कराने और उसका किराया सरकारी खजाने से भुगतान कराने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने तत्कालीन पंचायत सचिव, तत्कालीन सरपंच और वाहन मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लोकायुक्त की जांच में वाहन को बिना टेंडर और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के पंचायत के काम में लगाए जाने की बात सामने आई है। राजेश सहाय, (लोकायुक्त एसपी इंदौर जोन) को मिली शिकायत के अनुसार, तत्कालीन सचिव प्रहलाद नील ने अपने बेटे धीरज नील के नाम के वाहन (टढ-10-ऋ-1435) को ग्राम पंचायत बांक में सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए अटैच कराया था। आरोप है कि सचिव और तत्कालीन सरपंच लक्ष्मीबाई पति राधेश्याम चौहान ने अपने हस्ताक्षर से वाहन के भुगतान संबंधी प्रस्ताव तैयार किया। इसके बाद पंचायत निधि से वाहन का किराया भी चुकाया गया। शिकायत की जांच डीएसपी सुनील तालान ने की। जांच में सामने आया कि वाहन को पंचायत में किराए पर लगाने के लिए न तो टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई और न ही प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत वाहन का चयन किया गया। इसके अलावा ग्राम सभा की अनुमति भी नहीं ली गई। लोकायुक्त के मुताबिक, पंचायत निधि के इस्तेमाल में पारदर्शिता नहीं बरती गई। सचिव और सरपंच द्वारा ऐसी प्रक्रिया में निर्णय लिया गया, जिसमें उनके परिवार का निजी हित जुड़ा हुआ था।

---

### मध्य प्रदेश में हाईकोर्ट के आदेश के बाद छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ होते ही छात्र नेताओं का प्रदर्शन

# डीएवीवी का गेट तोड़कर अंदर घुसे स्टूडेंट्स, 10 पर एफआईआर

### कटनी में एनएसयूआई अध्यक्ष समेत कई गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में हाईकोर्ट के आदेश के बाद छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ होते ही छात्र नेता प्रदर्शन कर रहे हैं। इंदौर के डीएवीवी में छात्रों ने चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने चैनल गेट पर ताला लगाया तो छात्रों ने गेट तोड़ दिया। पुलिस ने 10 छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



इससे पहले छात्रों ने इंदौर आईपीएस कॉलेज से डीएवीवी तक साइकिल यात्रा निकाली। हाथों में मांगों के पोस्टर लेकर छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं, छात्रों ने कटनी में एनएसयूआई के नेताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने वॉटर कैनन चलाया। आईपीएस कॉलेज के वीरेंद्र गुर्जर ने बताया- साइकिल यात्रा में कई कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए। हाथों में मांगों के पोस्टर लेकर छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव के लिए नारेबाजी की। उन्होंने बताया- डीएवीवी पहुंचकर छात्रों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और सितंबर में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की। अभी चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से जल्द आधिकारिक तारीख जारी करने की मांग की।

मध्य प्रदेश में पहले छात्रसंघ के प्रत्यक्ष चुनाव होते थे। छात्र सीधे वोट देकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे पद चुनते थे। बाद में कई विश्वविद्यालयों में अप्रत्यक्ष यानी सीआर मॉडल लागू हुआ। इसमें पहले हर कक्षा से सीआर चुने जाते और फिर उफ मिलकर छात्रसंघ पदाधिकारी चुनते थे। 2006 के उज्जैन के माधव कॉलेज के सभरवाल कांड के बाद छात्रसंघ चुनावों में हिंसा, धनबल और बाहुबल को लेकर बहस तेज हुई। चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत पर राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर एचएस सभरवाल ने चुनाव रद्द किया था।

इसके बाद कॉलेज के बाहर उनके साथ मारपीट हुई, जिसमें उनकी मौत हो गई। तत्कालीन अइश्ढ नेता विमल तोमर समेत 6 लोगों पर हत्या का केस दर्ज हुआ, लेकिन 2009 में क्लीन चिट मिल गई। नवंबर 2011 में विमल तोमर ने ग्वालियर में फांसी लगाकर जान दे दी।

#### गेट टूटने पर छात्र नेता ने दी सफाई

प्रदर्शन के दौरान चैनल गेट टूटने पर वीरेंद्र गुर्जर ने कहा- गेट पुराना था और छात्रों ने उसे नहीं तोड़ा, बल्कि भीड़ के दबाव में वह खुद गिर गया। प्रदर्शन के बाद छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर चुनाव की तारीख घोषित करने और सितंबर में चुनाव कराने की मांग रखी। कुलपति के आश्वासन के बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

#### कटनी में एनएसयूआई का प्रदर्शन, पुलिस ने वॉटर कैनन चलाया

वहीं, कटनी में बुधवार को ठरवककार्यकर्ताओं ने प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर पुरानी कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोकने पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वॉटर कैनन चलाया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन स्थल से खदेड़ा। साथ ही, पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान यूएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिलाध्यक्ष अजय खटीक समेत कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पीपीपी की जगह शासकीय मेडिकल कॉलेज, शासकीय इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज शुरू करने और तिलक कॉलेज को स्वायत्त दर्जा देने की मांग है।

**एनएसयूआई बोली- लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही सरकार-** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा- वे अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण मार्च कर रहे थे, लेकिन सरकार पुलिस के बल पर युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है। वहीं, जिलाध्यक्ष अजय खटीक ने कहा- गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई से युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

---

### रक्षाबंधन से पहले इंदौर में मिलावटखोरों पर शिकंजा

# 200 से ज्यादा सैंपल लिए, अब मिठाई की दुकानों और कारखानों पर दबिश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

रक्षाबंधन त्योहार से पहले इंदौर में खाद्य विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। त्योहार को देखते हुए विभाग ने करीब एक महीने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं।

दूध और दूध से बने उत्पादों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें जो नमूने खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अब विभाग की टीम का फोकस मिठाइयों पर रहेगा। शहर की अलग-अलग मिठाई दुकानों और निर्माण इकाइयों पर टीम दबिश देगी। मिठाइयों के साथ मावा, घी, खाद्य तेल और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाएंगे। जहां अस्वच्छ या अनहाइजीनिक परिस्थितियां मिलीं, वहां संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार के लिए नोटिस देने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि विभाग की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर सैंपलिंग और जांच कर रही है। मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि रक्षाबंधन के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके।



**5 हजार से ज्यादा मिठाई दुकानें, त्योहार पर बढ़ता है कारोबार-** इंदौर में करीब 5 हजार से ज्यादा मिठाई की दुकानें हैं। त्योहार के दौरान मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य विभाग की टीम दुकानों के साथ मिठाई बनाने वाले कारखानों पर भी निगरानी रखेगी। अधिकारियों की नजर खासतौर पर मावे और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता पर रहेगी।

**मिलावटी खाद्य पदार्थ से सेहत पर खतरा-** पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल के मुताबिक मिलावटी खाद्य पदार्थों का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। नकली रंग, हानिकारक रसायन और घटिया गुणवत्ता की सामग्री के लंबे समय तक सेवन से पेट, लीवर और किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर अधिक हो सकता है।

**इंदौर से देशभर में जाती है खाद्य सामग्री-** इंदौर में बड़ी संख्या में छोटी-बड़ी खाद्य निर्माण इकाइयां संचालित होती हैं। यहां तैयार होने वाली खाद्य सामग्री केवल शहर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई होती है। ऐसे में यहां होने वाली मिलावट का असर व्यापक स्तर पर हो सकता है।

#### बस और रेलवे स्टेशन पर भी विशेष कार्रवाई

खाद्य विभाग की टीम की विशेष नजर बस और रेलवे स्टेशन पर रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक छोटे जिलों और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मावा और मिठाइयां इंदौर पहुंचती हैं। त्योहार के दौरान इनकी आवक बढ़ने की संभावना है। ऐसे में बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की भी जांच की जाएगी।

#### खाद्य विभाग के पास स्टाफ की कमी

खाद्य विभाग के सामने स्टाफ की कमी भी बड़ी चुनौती है। जिले में अधिकारी और अन्य स्टाफ के केवल 11 पद स्वीकृत हैं और लगभग इतना ही स्टाफ वर्तमान में उपलब्ध है। विभाग को शहर की आबादी, खाद्य प्रतिष्ठानों और व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए करीब 25 अधिकारियों-कर्मचारियों की जरूरत है।

---

# बिना लाइसेंस चल रहा बिरयानी केंद्र सील

### बिरयानी में मिला रहे थे अजीनोमोटो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में खाद्य सुरक्षा को लेकर की जा रही कार्रवाई के बीच खाद्य विभाग ने भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित मीरा गार्डन के पास संचालित बिरयानी केंद्र पर कार्रवाई की। सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के बाद टीम ने बुधवार को यहां औचक निरीक्षण किया।

जांच में सेंटर बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित मिला। इसके बाद विभाग ने केंद्र को सील कर दिया। जांच के दौरान मौके पर वेज बिरयानी, इडली-सांभर और उपमा का निर्माण और विक्रय किया जा रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक खाद्य सामग्री सवानंद नगर स्थित परिसर में तैयार कर खंडवा रोड सहित शहर के अलग-अलग आउटलेट पर भेजी जा रही थी। जांच के दौरान मिर्च पाउडर और सौंफ में आर्टिफिशियल रंग मिलाए जाने की आशंका भी सामने आई। टीम ने दोनों के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा वेज बिरयानी का नमूना भी जांच के लिए लिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

निरीक्षण के दौरान बिरयानी में अजीनोमोटो यानी मोनोसोडियम ग्लूटामेट का इस्तेमाल किया जाना भी पाया गया। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला फ्लेवरिंग एजेंट है। सामान्य मात्रा में इसका इस्तेमाल आम तौर पर सुरक्षित माना जाता है, हालांकि कुछ संवेदनशील लोगों में अधिक मात्रा लेने पर सिरदर्द, फ्लशिंग, झुनझुनी या अन्य अस्थायी लक्षण महसूस होने की रिपोर्ट है। खाद्य विभाग की टीम को निर्माण और विक्रय, दोनों परिसरों का खाद्य लाइसेंस नहीं मिला। मौके पर पानी की जांच रिपोर्ट और पेस्ट कंट्रोल की रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इसे नियमों के उल्लंघन के रूप में लेते हुए सेंटर सील कर दिया। अजीनोमोटो को आम तौर पर एमएसजी कहा जाता है। यह ग्लूटामिक एसिड का सोडियम नमक है और कई खाद्य पदार्थों में स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होता है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए यह अधिक हानिकारक होता है।

---

# खजराना गणेश मंदिर में 14 सितंबर से 10 दिवसीय उत्सव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

खजराना गणेश मंदिर में इस बार 14 सितंबर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू होगा। उत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान दर्शन, सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, स्वच्छता, बिजली-पुष्प सजावट, प्रसाद वितरण और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तय की गई।

**सवा लाख मोदक का लगेगा भोग, धार्मिक थीम पर सजेगा मंदिर परिसर**

उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए एकांगी मार्ग व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। मंदिर आने वाले भक्त सिद्धि विनायक अस्पताल से गणेशपुरी मार्ग होते हुए मंदिर में एंट्री करेंगे। मंदिर के अंदर झिग-झैग और स्टेपिंग व्यवस्था से दर्शन कराए जाएंगे। इसके बाद कालका माता मंदिर गेट से निकासी कर श्रद्धालुओं को खजराना चौराहे की ओर भेजा जाएगा। जरूरत के अनुसार एक्स्ट्रा बैरिकेडिंग और दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मंदिर में आने-जाने वाले रास्तों पर विशेष व्यवस्था संभालेगा। एक्स्ट्रा सुरक्षा बल की तैनाती के साथ आवश्यकता पड़ने पर रिजर्व पुलिस बल भी लगाया जाएगा। गणेश उत्सव में मंदिर परिसर को धार्मिक थीम पर सजाया जाएगा। मंदिर, प्रमुख मार्ग, पार्किंग, बिल्डिंग और शिखरों पर आकर्षक लाइटिंग से सजावट की जाएगी।

---

# सिम मामले में महाराष्ट्र और परिश्चम बंगाल की लिंक

### अन्य आरोपियों की तलाश में इंदौर क्राइम ब्रांच, डेटा भी खंगाल रहे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

साइबर फ्रॉड के लिए सिम मुहैया कराने वाले तीन आरोपी क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में हैं। तीनों से पूछताछ में क्राइम ब्रांच को महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की लिंक भी मिली है। जिस पर टीम काम कर रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में ओर भी आरोपी है, जिन्हें टीम जल्द पकड़ेगी। दरअसल, इंदौर क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराधियों तक पहुंचने वाले फर्जी और संदिग्ध सिम कार्ड के नेटवर्क पर कार्रवाई की और बुधवार को मामले का खुलासा किया।

गृह मंत्रालय के आई4सी से मिली संदिग्ध ढडर धारकों और फेक सिम यूजर की सूची के आधार पर की गई जांच में चार संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए।



इन नंबरों से जुड़े सिम का इस्तेमाल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में हुए साइबर फ्रॉड में किया गया था। शिकायतों के मिलान में कुल 84 लाख 58 हजार 499 रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। क्राइम ब्रांच ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन सिम कार्ड को किन लोगों तक पहुंचाया गया और इनके पीछे साइबर फ्रॉड का कितना बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है।

इस मामले में क्राइम ब्रांच ने राजेंद्र राऊत (40) निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी, आनंद वासरे (22) निवासी मालवा मिल, सूरज सिंह (24) निवासी पाटनीपुरा को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पकड़ाए तीनों आरोपियों से क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। टीम को महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की कुछ लिंक मिली है, जिस पर टीम काम कर रही है। इस मामले में और भी आरोपियों के बारे में जानकारी मिली है, जिन्हें जल्द पकड़ा जाएगा। इसमें आरोपियों की संख्या ओर भी बढ़ सकती है।

---

### अब ट्रैक बिछाने का काम तेज, रेस्क्यू शाफ्ट और वेंटिलेशन का काम भी जारी

# इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्टः 2.95 किमी सुरंग की लाइनिंग पूरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के तहत बन रही करीब 2.95 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुरंग की लाइनिंग का काम पूरा हो चुका है। अब अंदर ट्रैक बिछाने के साथ ड्रेनेज, पीसीसी और सुरक्षा से जुड़े अन्य कामों को गति दी गई है।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के मुताबिक, सुरंग में कई निर्माण कार्य समानांतर चल रहे हैं। लाइनिंग पूरी होने के बाद अब बैलास्टलेस ट्रैक और अन्य सिविल वर्क पर विशेष फोकस किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि सुरंग में अब तक 1216 मीटर बैलास्टलेस ट्रैक तैयार हो चुका है। वर्तमान में 810 मीटर हिस्से में ट्रैक बिछाने का काम जारी है। पीसीसी की फाइनल लेयर का 1470 मीटर और पहली लेयर का 2007 मीटर काम पूरा हो चुका है। फिलहाल 740 मीटर में पीसीसी का काम चल रहा है।



**आधुनिक मशीनों से निर्माण को रफ्तार-** पश्चिम रेलवे का निर्माण विभाग सुरंग के बाकी सिविल कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आधुनिक मशीनरी और उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। ट्रैक, ड्रेनेज और अन्य निर्माण कार्यों को समानांतर गति दी जा रही है।

**एमपी-गुजरात के बीच रेल कनेक्टिविटी होगी मजबूत** इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन पूरी होने के बाद मध्य प्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। इससे यात्रियों के लिए आवागमन आसान होने के साथ माल परिवहन को भी गति मिलने की उम्मीद है। इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को भी इस परियोजना से फायदा मिल सकता है।

- **पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज तैयार-** सुरंग में जलभराव रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण भी साथ-साथ किया जा रहा है। दोनों तरफ की साइड ड्रेन, इनवर्ट ड्रेन और अन्य संरचनात्मक कार्यों का बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है। कट एंड कवर सेक्शन में ओवरट रिइनफोर्समेंट और लाइनिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। बाकी ड्रेनेज और बैकफिलिंग जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।
- **इमरजेंसी में बचाव के इंतजाम-** सुरंग में यात्रियों की सुरक्षा के लिए रिफ्यूज निच और रेस्क्यू शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा वेंटिलेशन डक्ट और एग्जॉस्ट फैन लगाने का काम भी जारी है। इन व्यवस्थाओं से सुरंग के भीतर हवा का प्रवाह बनाए रखने और आपात स्थिति में धुआं बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

## नल में जल नहीं, सरकारी रिपोर्ट में पानी उत्तम...: जांच में उल्टी-दस्त का वायरस

**बालाघाट।** बालाघाट के बिरसा क्षेत्र में आदिवासी बच्चों की मौतों के बीच पानी को लेकर तीन अलग तस्वीरें सामने हैं। जमीन पर नलों में पानी नहीं है, सरकारी रिकॉर्ड में उन्हीं गांवों का पानी ह्यमिनरल वाटर के मानकों के अनुरूपह्ल है। वहीं अब आईसीएमआर की जांच में प्रभावित गांवों से लिए गए पानी के सभी सैंपल में एडिनोवायरस मिला है। यह वायरस उल्टी-दस्त सहित पेट-आंतों का संक्रमण कर सकता है और दूषित पानी से भी फैल सकता है। जिन गांवों में 19 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई, वहां सरकारी रिकॉर्ड में शत-प्रतिशत घरों तक नल-जल और प्रति व्यक्ति रोज 55 से 70 लीटर शुद्ध पानी पहुंचने का दावा है। नल-जल योजना के पोर्टल पर जुलाई तक इन गांवों के पानी की जांच की 40 से ज्यादा रिपोर्ट अपलोड हैं। इन्हें सही मानें तो यहां पानी की गुणवत्ता मिनरल वाटर के मानकों के अनुरूप है। भास्कर की गांव-गांव पड़ताल में तस्वीर इसके उलट मिली। इन गांवों में जल जीवन मिशन पर करीब 4 करोड़ खर्च होने के बावजूद 5% घरों में भी साफ पानी नहीं पहुंच रहा। कुछ जगह नल दो साल से सूखे हैं।

## एमपी में हर साल कैंसर से 45 हजार मौतें: 80 हजार से ज्यादा नए मरीज मिल रहे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कैंसर के मरीजों और इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में 2021 में कैंसर के अनुमानित 79,871 मामले थे। 2025 में यह संख्या बढ़कर 88,297 हो गई, यानी 5 साल में करीब 8,400 नए मामले बढ़े। इसी अवधि में कैंसर से होने वाली अनुमानित मौतें भी बढ़ीं। 2021 में प्रदेश में 44,056 मौतें हुई थीं, जबकि 2025 में यह आंकड़ा 48,694 तक पहुंच गया, यानी 5 साल में करीब 4,600 मौतें बढ़ीं। देश के दूसरे राज्यों से तुलना करें तो नए मरीजों के मामले में मध्य प्रदेश टॉप-10 राज्यों में है। वहीं कैंसर से होने वाली मौतों के मामले में प्रदेश देश में 7वें नंबर पर है।

## जबलपुर के बाल संप्रेषण गृह में कैदियों की गैंग, नए कैदियों से मांगते हैं हफ्ता

**जबलपुर।** यहां रहने के लिए हर हफ्ते एक हजार रुपए की व्यवस्था करना होगा, चल लगा अपने बाप को फोन और बोल की रुपए लेकर आए... अभी तक जिला और सेंट्रल जेल से ऐसे वाक्ये सामने आते रहे हैं, पर यह मामला जबलपुर के बाल संप्रेषण गृह का है। यहां अलग-अलग अपराधों में सजा काट रहे बाल कैदियों ने अपना गिरोह बना लिया है, जो अन्य कैदियों से पैसों की मांग करता है और पैसे न देने पर ब्लेड से हाथ-पैर, पीठ पर को जख्मी कर देता है। इतना ही नहीं मामले की शिकायत के बाद बाल कारागार में सर्चिंग हुई तो बाल कैदियों के पास से दो मोबाइल, गांजा, ब्लेट, गुटखा और कई ऐसी चीजें बरामद हुई हैं। जबलपुर गोकलपुर बाल संप्रेक्षण गृह से हाल ही में छूटे एक 17 वर्षीय नाबालिग ने खुलासा किया कि अंदर जो भी रहता है, वहां पर रहने वाले गैंग की बात मानना जरूरी है, अगर नहीं मानी तो फिर ना सिर्फ मारपीट करते हैं, बल्कि ऐसी कृत्य करते हैं कि रूह कांप जाती है। हाथ गीला कर पीठ में मारते हैं। नाबालिग के इस खुलासे के बाद पिता ने संप्रेक्षण गृह और पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

## यू-ट्यूब देखकर बनाया नाबालिगों का गैंग

**जबलपुर।** जबलपुर में रेलवे स्टेशन और ट्रेनों पर चोरी की वारदातों के पीछे नाबालिग बच्चों के गैंग का हाथ निकला है। रेलवे सुरक्षा बल यानी आरपीएफ के मुताबिक, गैंग का मास्टरमाइंड बेलबाग निवासी नीतेश कुमार उर्फ नीतू (40) है, जिसने 12 से 16 साल तक के करीब 70 बच्चों को इस अपराध में जोड़ रखा था। नीतेश गरीब बस्तियों से बच्चों को चुनकर उन्हें करीब दो महीने तक चोरी करने और पकड़े जाने से बचने की ट्रेनिंग देता था। फिर ट्रेनों, प्लेटफॉर्म और वेटिंग रूम में वारदात के लिए भेजता था। नीतेश खुद लंबे समय से ट्रेन में चोरी और लूट करता रहा है, लेकिन करीब दो साल पहले पैर खराब होने के बाद उसने बच्चों को अपराध का जरिया बना लिया। उसे 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। नीतेश ने नाबालिग बच्चों का गैंग बनाने और उन्हें चोरी के तरीके सिखाने का आइडिया यू-ट्यूब से लिया था। वह ऑनलाइन वीडियो देखकर चोरी के अलग-अलग तरीकों की जानकारी जुटाता और फिर बच्चों को अपने तरीके से उसकी ट्रेनिंग देता था। आरपीएफ थाना प्रभारी राजीव खरब के मुताबिक, नीतेश पर 8 चोरी जबकि 3-3 लूट और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। सामान चुराने के अलावा ट्रेन रुकते ही मोबाइल और अन्य सामान लेकर भाग जाता था।

## कटनी में पकड़े दंपती ने कबूली वारदात

**सतना।** सतना जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र में स्थित रामपुर पाठा के नीलकंठ मंदिर और पटिहट के सत्यमाता मंदिर में हुई चोरी के आरोपी कटनी में पकड़े गए हैं। कटनी पुलिस ने विजयराघवगढ़ के मां शारदा मंदिर में चोरी के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने पूछताछ में सतना के इन दोनों मंदिरों में चोरी की बात कबूल की है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि यह चार सदस्यीय गिरोह सतना सहित कई जिलों में मंदिरों और सूने मकानों को निशाना बनाता था।

# श्रमिकों को ई-स्कूटी खरीदने 40 हजार की मदद... बढ़ई, वेल्डर, प्लम्बर समेत 49 निर्माण श्रमिकों को फायदा

### योजना के तहत ई-स्कूटर खरीदने के बाद उसे 3 साल तक किसी अन्य व्यक्ति को बेचा नहीं जा सकता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बढ़ई, वेल्डर, प्लम्बर और राजमिस्त्री समेत 49 प्रकार के निर्माण श्रमिकों को इलेक्ट्रिक स्कूटी (ई-स्कूटर) खरीदने के लिए सरकार की तरफ से 40 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। मध्य प्रदेश श्रम विभाग के अंतर्गत आने वाले 'भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल' द्वारा यह योजना शुरू की गई है। एमपी में 17 लाख निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। इस साल के लिए एक हजार श्रमिकों को ई-स्कूटी का कोटा तय हुआ है। इसमें पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर लाभ मिलेगा।

इस योजना का नाम ह्यभवन एवं अन्य सन्निर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना, 2024ह्ल है। इसका संचालन श्रम विभाग के मंडल कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। पात्र श्रमिक को ई-स्कूटर की कुल कीमत का 50% या अधिकतम ?40 हजार, जो भी कम हो, अनुदान के रूप में मिलेगा। यह राशि सीधे श्रमिक के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

हर साल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर 1,000 श्रमिकों को ही योजना का लाभ मिलेगा। 1,000 आवेदन स्वीकृत होने के बाद उस साल के लिए लाभार्थियों की संख्या पूरी मानी जाएगी। इनमें 60 सीटें दिव्यांग श्रमिकों के लिए आरक्षित हैं। योजना के तहत ई-स्कूटर खरीदने के बाद उसे 3 साल तक किसी अन्य व्यक्ति को बेचा नहीं जा सकता।

### हाईकोर्ट ने अपात्र अभ्यर्थियों की अपीलें खारिज कीं; 9693 ने गलत तरीके से लिए 5% बोनस अंक

# मप्र में 2025 टीचर भर्ती की दोबारा बनेगी मेरिट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 में 5% बोनस अंक के विवाद पर अभ्यर्थियों की सभी रिट अपीलें खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की खंडपीठ ने एकलपीठ के 6 मई 2026 के आदेश को सही ठहराया।

कोर्ट ने कहा- आरसीआई योग्यता के लिए गलत जानकारी देकर हासिल किए गए बोनस अंकों को वैध नहीं मांगा जा सकता। करीब 9,693 कैंडिडेट्स ने गलत तरीके से 5% बोनस अंक लिए थे। हाईकोर्ट के फैसले से 13,089 प्राथमिक शिक्षकों के पूर्व चयन पर फिर असर पड़ेगा।

अब कर्मचारी चयन मंडल फ्छकप्रमाण-पत्रों का सत्यापन करेगा। अपात्र अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त किए जाएंगे। इसके बाद संशोधित मेरिट सूची तैयार कर नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। मूल याचिका और रिट अपीलों में अधिवक्ता आलोक वागरेचा और अधिवक्ता विशाल बघेल ने पैरवी की।



### 'हां' चुनने पर मिले बोनस अंक

मामले में सामने आया कि ऑनलाइन फॉर्म में फ्छकयोग्यता के सामने 'हां' चुनने पर ही बोनस अंक दे दिए गए थे। उस समय दस्तावेजों की जांच नहीं हुई थी। एकलपीठ ने कहा कि अभ्यर्थियों को अपनी जानकारी सुधारने के तीन मौके मिले थे। इसके बाद परिणाम आने पर 'गलती से हां चुनने' की बात स्वीकार नहीं की जा सकती। 6 मई 2026 को एकलपीठ ने चयन सूची कर्मचारी चयन मंडल को वापस भेजने का आदेश दिया था। मंडल को फ्छकयोग्यता का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय देना था। इस दौरान उन्हें फ्छकसे मान्यता प्राप्त विशेष डीएलएड डिप्लोमा अपलोड करना था। दस्तावेजों की जांच के बाद जिन अभ्यर्थियों की योग्यता सही नहीं मिलती, उनके आवेदन निरस्त करने और तीन महीने में नई मेरिट लिस्ट बनाने के निर्देश दिए गए थे।

## सिवनी में नाइट कांबिंग, 82 वारंटी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिवनी

सिवनी जिले में पुलिस ने बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह तक विशेष नाइट कांबिंग अभियान चलाया। इस पांच घंटे के अभियान के दौरान, पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 82 वारंटियों को गिरफ्तार किया। इनमें 33 स्थाई वारंटी और 49 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीमों ने 95 निगरानी बदमाशों, गुंडा बदमाशों और संदिग्ध व्यक्तियों की भी गहन जांच की। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमें सक्रिय रहीं। अभियान की कमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने संभाली। पुलिसकर्मियों ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर वारंटियों की तलाश की। इस कार्रवाई में चार राजपत्रित पुलिस अधिकारियों सहित सभी थाना और चौकी प्रभारी, कुल 84 पुलिसकर्मी शामिल थे।

# छात्राओं को यूरिन मिला पानी पिलाने पर सियासत

### पूर्व मंत्री ने घटना को राघौगढ़ क्षेत्र की बताया; राघौगढ़ विधायक ने लिखा- तथ्य स्पष्ट हों

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

गुना के आरोन इलाके में हुई छात्रों की पानी की बोतल में यूरिन भरने की बात ने बुधवार को राजनैतिक रूप ले लिया। पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने इस घटना को राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र बताया, तो राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने भी पलटवार करते हुए बताया कि यह घटना गुना विधानसभा क्षेत्र की है। हालांकि, इसके बाद पूर्व मंत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में सुधार किया।



बता दें कि जिले के आरोन विकासखंड अंतर्गत एक शासकीय प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाली घिनौनी और बेहद शर्मनाक करतूत सामने आई थी। आरोप है कि यहां कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली दो 10 वर्षीय मासूम छात्राओं को कक्षा के ही शरारती छात्रों ने छल से पानी की बोतल में मूत्र मिलाकर पिला दिया।

यह घटना सोमवार को तब हुई जब छात्राएं स्कूल में ही रंगोली बनाने गई थीं। उसी दौरान शरारती छात्रों ने उनकी पानी की बोतलों में यूरिन भर दिया। रंगोली बनाकर लौटी छात्राओं ने वही पानी पी लिया।

इस अमानवीय कृत्य के बाद जब मासूम छात्राएं रोते-बिलखते प्राचार्य के पास शिकायत लेकर पहुंचीं, तो संवेदनहीनता की सारी हदें पार करते हुए प्राचार्य ने उलटा जवाब दे दिया- ₹मुंह खराब हो गया हो तो 10-10 वाली चॉकलेट खा लो। संस्था प्रमुख के इस असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने इस घिनौने अपराध की आग में घी डालने का काम किया, जिससे पूरे क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है। सोमवार को घटी इस घिनौनी घटना की जानकारी जब पीड़ित छात्राओं ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को दी, तो उनका खून खौल उठा।

## प्रतिबंध के बाद भी बन रहा था एनालॉग पनीर

### सीहोर में डेयरी से 25 क्विंटल जब्त; पैकेट पर कंपनी नाम-लेबलिंग भी गलत मिली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीहोर

सीहोर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए रुद्रांश डेयरी से 25 क्विंटल एनालॉग पनीर जब्त किया है। यह कार्रवाई पचामा गांव स्थित डेयरी पर की गई, जहां एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार प्रतिबंधित पनीर पकड़ा गया है। प्रदेश सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एनालॉग पनीर के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है।

संभागीय उड़नदस्ता भोपाल और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सीहोर की संयुक्त टीम ने रुद्रांश फैक्ट्री पर छापा मारा। उड़नदस्ता प्रभारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि खाद्य आयुक्त को सीहोर में नकली और एनालॉग पनीर बनाए जाने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### पैकेट पर लेबलिंग भी गलत थी

जांच के दौरान फैक्ट्री में नमक और शक्कर मिली। संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी ने बताया कि पनीर निर्माण में कई खामियां पाई गईं। पैकेट पर कंपनी और उत्पाद का नाम नहीं था, साथ ही लेबलिंग भी गलत थी। जब्त किए गए 25 क्विंटल पनीर को सील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पचामा गांव स्थित रुद्रांश फैक्ट्री में लंबे समय से अमानक पनीर तैयार किया जा रहा था। मध्य प्रदेश में 12 अगस्त को एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी यहां इसका उत्पादन जारी था। इससे पहले भी, सूचना मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सीहोर की टीम ने इसी फैक्ट्री पर छापा मारकर 2 क्विंटल से अधिक एनालॉग पनीर जब्त किया था। उस कार्रवाई के बावजूद फैक्ट्री में एनालॉग पनीर का निर्माण नहीं रुका और लगातार बड़ी मात्रा में अमानक पनीर बनाया जा रहा था।

## 2.69 करोड़ कैश, 30 लाख का सोना मिला:आईपीएल सट्टे और साइबर ठगी का 5.50 करोड़ रुपए का रैकेट ध्वस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर पुलिस ने अंतरराज्यीय आईपीएल सट्टा और साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2.69 करोड़ नकद, 30 लाख का सोना और नोट गिनने की मशीन बरामद की है।

एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि गिरोह बेरोजगार युवाओं, पंचर सुधारने वालों और अंडा व्यापारियों को कमीशन का लालच देकर उनके आधार-पैन से 'ग्लैमर इंटरप्राइजेस' जैसी 30 से अधिक फर्जी फर्में और बैंक खाते खोलता था। इन म्यूल खातों के वित्तीय विश्लेषण में 5.50 करोड़ रु. से अधिक का संदिग्ध लेन-देन मिला है। मामला 13 अगस्त को मकरोनिया निवासी रोहित पटेल की शिकायत पर सामने आया। कार्रवाई के दौरान एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया व नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में पुलिस ने पहले धर्मेंद्र नाहर, सोनू दांगी और मास्टरमाइंड अमित विश्वकर्मा को पकड़ा। पूछताछ में अमित ने बताया कि उसने यह तरकीब मुंबई में सीखी थी। अमित के सुराग पर भोपाल में दबिश देकर मुख्य संचालक ऋषभ पटेल, विपिन गिरी और स्वर्णेन्द्र पांडे को गिरफ्तार किया गया। ऋषभ भोपाल से 20६्र ि३्ङ्क और ॅड्डीछूँ99्ङ्क जैसी साइट्स और टेलीग्राम के जरिए सट्टा चला रहा था। पुलिस की विशेष टीम ने ऋषभ को उसके घर से 2,69,42,700 रु. नकद और नोट गिनने की मशीन के साथ दबोचा। मामले में शुभम रैकवार और ऋषिकेश सिंह चौहान फिलहाल फरार हैं।

ठगी का तरीका और फर्में : कमीशन का झांसा दे जुटाते थे दस्तावेज, 30 फर्जी फर्में आईं सामने आरोपी 5-10 हजार रु. कमीशन देकर गरीबों के आधार-पैन से फर्में बनाते थे। ग्राहकों को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर क्रेडिट कॉइन बांटते थे।

# डिंडौरी में आंगनवाड़ी-स्कूलों में छुट्टी, 12 गांवों का संपर्क टूटा

### सतना में चरवाहा बहा; मध्यप्रदेश के 5 जिलों में 8 इंच तक बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। डिंडौरी में भारी बारिश को देखते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आंगनवाड़ी केंद्रों समेत नर्सरी से बारहवीं क्लास तक के स्कूलों में गुरुवार को छुट्?टी घोषित कर दी है। 12 से ज्यादा गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

इससे पहले सतना के तराई क्षेत्र में मूसलाधार बारिश की वजह से चित्रकूट की गुप्त गोदावरी में पानी बढ़ गया। ऐसे में दोनों गुफाएं पर्यटकों के लिए बंद कर दी गई हैं। सतना के भुमकहर गांव में 55 वर्षीय चरवाहा नाले में बह गया। रऊफ्फ्र की टीम उसे तलाश कर रही है। उमरिया में संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के तीन गेट 4 मीटर तक खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। पन्ना के कई गांवों में पानी भर गया है।

उधर, मौसम विभाग ने सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और दमोह में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है। दतिया, भिंड, निवाड़ी, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम,





छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी, मैहर और सतना में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के मुताबिक, 24 अगस्त तक प्रदेश में बारिश का मिजाज बदलता रहेगा। 19 अगस्त को विंध्य और महाकौशल में भारी से अति भारी बारिश हुई। 20 से 24 अगस्त के दौरान बारिश का असर धीरे-धीरे मध्य और पश्चिमी मध्य प्रदेश की ओर बढ़ने के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 1 जून से अब तक 583.4 मिमी यानी करीब 23 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर इस अवधि में 663.7 मिमी यानी 26.1 इंच बारिश होनी चाहिए थी। इस तरह प्रदेश में अब तक करीब 3.1 इंच यानी 12% कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्यप्रदेश में सामान्य से 14% और पश्चिमी हिस्से में 10% कम बारिश दर्ज की गई है। पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में सामान्य से 19% तक कम बारिश हुई है। 18 जिलों में बारिश 4% से 58% तक कम है। पश्चिमी मध्य प्रदेश के भी 21 जिलों में सामान्य से 5% से 39% तक कम बारिश दर्ज की गई है। इसके उलट अनूपपुर, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, बड़वानी, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन और राजगढ़ में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है।

### अगस्त में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ी

मौसम विभाग के मुताबिक, जून में प्रदेश में सामान्य से 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरुआत में अच्छी बारिश हुई, लेकिन इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ। कई दिनों तक बारिश का दौर थमा रहा। अगस्त में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ी और महीने के आखिरी हिस्से में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ। इससे बारिश का आंकड़ा सुधरा, लेकिन जून की कमी अब तक पूरी नहीं हो पाई है। प्रदेश में पूरे मानसून सीजन में औसतन 37.3 इंच बारिश होती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में सामान्य बारिश करीब 38 से 39 इंच रहती है।

## महाराष्ट्र में ऑटो चालकों के लिए मराठी जानना जरूरी

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठी नहीं जानने वाले ऑटो-टैक्सी चालकों पर कार्रवाई होगी। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को घोषणा की। कहा कि 20 अगस्त से जिन चालकों के पास आवश्यक प्रमाणपत्र या मराठी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं होगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सरनाईक के मुताबिक, पहले सभी को नोटिस जारी किया जाएगा और यदि वे नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस और बैज तीन महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है। कहा कि अतिरिक्त परिवहन आयुक्त राज्यभर में मराठी का ज्ञान नहीं रखने वाले टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालकों के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले अभियान का नेतृत्व करेंगे। अगर कोई तीन माह बाद भी इसका पालन करने में विफल रहता है, तो उसका लाइसेंस और बैज रद्द करने के आदेश जारी किए जाएंगे। मंत्री ने सत्यापन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। उधर, सेवा सारथी ऑटोरिक्शा टैक्सी एंड ट्रांसपोर्ट यूनियन के नेता डीएम गोसावी ने कहा कि नए नियम से आरटीओ में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और चालकों का आर्थिक शोषण होगा। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने बुधवार को ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए और समय देने की मांग की।

## कर्ज के जाल में उलझाने वाले ऐप की निगरानी होगी

नई दिल्ली। डिजिटल लोन के बढ़ते चलन के बीच भारतीय रिजर्व बैंक अब उन ऐप और कंपनियों की गतिविधियों पर करीबी नजर रख रहा है, जो ग्राहकों को बार-बार लोन उपलब्ध करा रही हैं। खासकर ऐसे मामलों को लेकर चिंता बढ़ रही है, जहां ग्राहक एक छोटा लोन चुकाने के बाद तुरंत दूसरा लोन ले लेते हैं। इससे कर्ज का बोझ लगातार बढ़ने और ग्राहक के ह्यडेट ट्रैपह्ल यानी कर्ज के जाल में फंसने का जोखिम रहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ऐसे लोन मॉडल पर निगरानी बढ़ा सकता है और आने वाले समय में इसके लिए सख्त नियम भी लागू किए जा सकते हैं। डिजिटल ऐप्स ने कुछ ही मिनट में कर्ज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आसान बना दिया है। आने वाले समय में डिजिटल लोन कंपनियों के लिए ग्राहक की भुगतान क्षमता की ज्यादा गहराई से जांच जरूरी की जा सकती है। केवल यह देखना पर्याप्त नहीं होगा कि ग्राहक ने पिछला लोन समय पर चुकाया है या नहीं। उसके दूसरे बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए कर्ज तथा कुल मासिक देनदारी को भी ध्यान में रखा जा सकता है। इससे ऐसे ग्राहकों को अतिरिक्त कर्ज देने पर रोक लग सकती है, जिन पर पहले से ही कई छोटे लोन चल रहे हैं। इससे जरूरत के समय छोटे कर्ज पर निर्भर ग्राहकों के लिए लोन हासिल करना कुछ मुश्किल हो सकता है।

## खुद पर लिखना आसान नहीं: सोनिया

**न्यूयॉर्क**। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपनी आगामी आत्मकथा के बारे में कहा कि अपने जीवन के बारे में लिखना उनके लिए आसान नहीं था। क्योंकि इसके लिए उन्हें वर्षों से अपने दिल में संजोकर रखे गए अनुभवों और भावनाओं को उजागर करना पड़ा। सोनिया गांधी ने 544 पन्नों की बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव शीर्षक नाम से आत्मकथा लिखी हैं। इस आत्मकथा को प्रकाशन संस्था नॉफ 10 नवंबर को हार्डकवर और ई-बुक संस्करण में जारी करेगी। वहीं ऑडियो संस्करण पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। पुस्तक की पहली एक लाख प्रतियों की छपाई की घोषणा की गई है। प्रकाशक अल्फ्रेड ए नॉफ की ओर से जारी एक बयान में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि गम का पहाड़ टूटने और अपनों को खोने के दर्द ने मुझे राजनीति की दुनिया में ला दिया। तब तक मैं अपनी निजता की पूरी तरह रक्षा करती थी। उनके मुताबिक, वह चाहती हैं कि यह पुस्तक उनके जीवन में आई खुशियों और गहरी निराशा से भरी उनकी भावनात्मक यात्रा का प्रमाण बने।

## इमरान खान नौ महीने बाद पत्नी और बहन से मिले

**रावलपिंडी**। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान ने नौ महीने बाद अपनी बहन नूरीन नियाजी और पत्नी बुशरा बीबी से मुलाकात की। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद पूर्व पीएम का कोई परिजन जेल में उनसे मिलने पहुंच सका। नूरीन इमरान की उन तीन बहनों में शामिल थीं जो अदालत के आदेश के बाद अदियाला जेल जाने वाली सड़क पर स्थित डहगल चेकपॉइंट पर पहुंची थीं। पुलिस ने शुरू में अलीमा, डॉ. उजमा और नूरीन को चेकपॉइंट पर रोक दिया था, लेकिन बाद में केवल नूरीन को जेल की ओर जाने की अनुमति दी। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को बताया गया है कि दोनों की मुलाकात करीब 15 मिनट तक चली। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## बांग्लादेश में राष्ट्रपति चुनाव आज

ढाका। बांग्लादेश में गुरुवार को राष्ट्रपति चुनाव होगा। इसमें सांसद सत्ताधारी बीएनपी के दिग्गज नेता मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर और 11 पार्टियों के विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद के बीच किसी एक को चुनेंगे। 35 साल के अंतराल के बाद राष्ट्रपति चुनाव में पहली बार वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के अनुसार, वोटिंग दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी।

# ट्रम्प का ईरान पर सबसे बड़े आर्थिक प्रतिबंधों का ऐलान

### बोले- जो देश मदद करेंगे, उन पर भी एक्शन लेंगे; तेल तस्करी नेटवर्क निशाने पर



ब्रह्मास्त्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने समझौते का मौका गंवा दिया, इसलिए अब उसे आर्थिक तौर पर अलग-थलग किया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान की मदद करने वाले देशों और संस्थाओं पर भी कार्रवाई होगी। इसमें बैंक, कंपनियां, एयरपोर्ट और सरकारी संस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने तेल तस्करी नेटवर्क पर कार्रवाई करने और कैश ट्रांसफर, करेंसी एक्सचेंज, जहाजों के रजिस्ट्रेशन और फर्जी कंपनियों के जरिए ईरान तक पहुंचने वाली आर्थिक मदद को रोकने की बात कही।

ट्रम्प का दावा- ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को बड़ा नुकसान हुआ है और उसके कई सैन्य कारखाने तबाह हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मुद्रा की हालत बहुत खराब है और देश आर्थिक संकट में है। ट्रम्प ने अमेरिका की नई आर्थिक कार्रवाई को ह्यइकोनॉमिक डी-डे बताया। आसान भाषा में इसका मतलब है कि अमेरिका ईरान पर बहुत बड़ा आर्थिक दबाव बनाने जा रहा है। उन्होंने दूसरे देशों से भी ईरान की मदद बंद करने और अमेरिका के साथ इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

### ईरान का तेल तस्करी नेटवर्क कैसे काम करता है

तेल बेचकर कमाई, पहचान छिपाकर सप्लाई ईरान तेल बेचता है, लेकिन सीधे अपने नाम से कारोबार करने पर अमेरिकी एजेंसियां इसे आसानी से ट्रैक कर सकती हैं। इसलिए बिचौलियों, दूसरी कंपनियों और अलग-अलग शिपिंग नेटवर्क के जरिए तेल खरीदारों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है।

### तेल के बाद पैसे की बारी

तेल बेचने के बाद कमाई को ईरान तक पहुंचाना सबसे अहम हिस्सा होता है। इसके लिए बैंकिंग चैनल, करेंसी एक्सचेंज, बिचौलियों और कैश ट्रांसफर जैसे रास्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका तेल के साथ उन जहाजों, कंपनियों और वित्तीय नेटवर्क पर भी कार्रवाई करना चाहता है, जो इस कारोबार में मदद करते हैं। इसका मकसद है ईरान के लिए तेल बेचना और उससे कमाई मुश्किल करना।

# दिल्ली के मुंडका में पंप पर धमाके से तीन की मौत

### ट्रक के सिलेंडर में विस्फोट के समय 20 मीटर की दूरी पर मौजूद लोग मारे गए या घायल हो गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मुंडका में बुधवार दोपहर ट्रक में सीएनजी भरते समय सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में सीएनजी पंप पर कार्यरत तीन कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

मुंडका पुलिस ने घटनास्थल को सील कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस एफआईआर की धाराओं को लेकर कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ले रही थी। दिल्ली पुलिस के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास स्थित सीएनजी पंप पर यह हादसा हुआ। करीब साढ़े तीन बजे पंप पर सीएनजी भराने के लिए एक ट्रक आया। कर्मचारी ट्रक में सीएनजी भर ही रहे थे कि उसके सीएनजी सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में छह कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गये। एम्बुलेंस ने तीन घायलों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने मृतकों की पहचान मनीष, परमजीत और सन्नी के तौर पर की है, वहीं, तीन घायलों की पहचान सुरजीत, संजय और विपिन के तौर पर हुई है। इसमें विपिन को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि अन्य दो की हालत बेहद गंभीर है।



### घर के नजदीक आने के लिए पम्प पर नौकरी शुरू की थी

25 वर्षीय मनीष परिवार सहित टिकरी कलां के पास बाबा हरिदास कालोनी में रहता था। मनीष के पिता संजय प्रसाद बिहार के बेतिया जिले के झकरा गांव के रहने वाले हैं। लेकिन काफी समय से बाबा हरिदास कालोनी में घर बनाकर रह रहे हैं। मनीष की पिछले साल पांच मई को पायल से शादी हुई थी। संजय प्रसाद ने बताया कि पहले बेटा बहादुर गढ़ में नौकरी करता था, लेकिन दूरी की वजह से उसने वहां से नौकरी छोड़ दी थी। नौ माह से यहां काम कर रहा था। सिलेंडर की हालत जांचें जंग, गहरा डेंट या वेल्डिंग के निशान होने पर सिलेंडर की जांच कराएं। किट की सर्विसिंग अधिकृत केंद्र से ही कराएं।

### इलाका थर्रा गया

सिलेंडर में विस्फोट से इलाका थर्रा गया। पहले तो वहां मौजूद लोगों को कुछ समझ में नहीं आया। फिर चारों तरफ चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग डरते हुए मौके पर पहुंचे तो घायलों को जमीन पर गिरा पाया। कुछ घायलों के अंग भी बिखरे हुए थे। अधिकारी ने बताया कि क्राइम टीम और फारेंसिक टीम के अलावा आईजीएल कंपनी की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

### सिर धमाके से उड़ा

ट्रक के सिलेंडर में विस्फोट के समय 20 मीटर की दूरी पर मौजूद लोग मारे गए या घायल हो गए। हादसे के वक्त ट्रक में सीएनजी भर रहे मनीष का तो सिर ही उड़ गया। इसके अलावा आसपास के खड़े तीन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# सख्ती : नौ से ज्यादा सिम रखने वाले ग्राहक तुरंत पकड़े जाएंगे

### सभी मोबाइल ग्राहकों का डाटा उपलब्ध कराया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले रोकने के लिए सरकार ने सिम जारी करने की प्रक्रिया और सख्त कर दी है। अब डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) के जरिए रियल टाइम में ऐसे ग्राहकों की पहचान की जाएगी, जिनके नाम पर निर्धारित सीमा से अधिक मोबाइल कनेक्शन (सिम कार्ड) चल रहे हैं।

मौजूदा नियमों के तहत एक व्यक्ति अपने नाम पर देश की सभी टेलीकॉम कंपनियों और सभी सर्विस एरिया को मिलाकर अधिकतम नौ मोबाइल कनेक्शन रख सकता है। ग्राहक को नया कनेक्शन लेते समय यह जानकारी देनी होती है कि उसके नाम पर पहले से कितने मोबाइल नंबर चल रहे हैं। हालांकि, जम्मू-कश्मीर, असम और पूर्वोत्तर के लाइसेंस्ड सर्विस एरिया में यह सीमा छह कनेक्शन की है। हालांकि, वर्तमान में किसी ग्राहक के नाम पर अलग-अलग कंपनियों में कितने मोबाइल कनेक्शन चालू हैं, इसकी पहचान करना मुश्किल है। इसी समस्या को देखते हुए दूरसंचार विभाग ने टेलीकॉम कंपनियों के साथ चर्चा के बाद नए नियम बनाए हैं। नए प्रावधानों के तहत ग्राहकों को अतिरिक्त नंबर बंद कराने होंगे।

अब डीआईपी पर सभी टेलीकॉम कंपनियों की ओर से उपलब्ध कराया गया ग्राहकों का डाटा एकत्र किया जाएगा। मसलन विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों और अलग-अलग सर्विस एरिया में एक व्यक्ति के नाम पर कितने मोबाइल कनेक्शन चल रहे हैं। 23 अगस्त से डीआईपी पर उन ग्राहकों की फोटो उपलब्ध कराई जाएगी, जिनके नाम पर मोबाइल कनेक्शन की निर्धारित अधिकतम सीमा पूरी हो चुकी है।

# चार राज्यों में रेल नेटवर्क के विस्तार को मिली मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रेलवे के सबसे हैवी ट्रैफिक (ट्रंक रूट) हावड़ा-चेन्नई रेलमार्ग की क्षमता वृद्धि करने का फैसला किया है। कैबिनेट ने बुधवार को चार रेल लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें 9,450 करोड़ की लागत से हावड़ा-चेन्नई रेलमार्ग पर तीसरी-चौथी लाइन बिछाई जाएंगी।

सरकार के इस फैसले से पूर्वी और दक्षिणी भारत के बीच रेल सफर का तेज, सुगम व सुरक्षित होगा। वहीं, मालढुलाई की क्षमता बढ़ने से रेलवे की आय में इजाफा होगा। रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में लिए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हावड़ा-चेन्नई रेल मार्ग स्वर्णिम चतुर्भुज कॉरिडोर का एक अति व्यस्त हिस्सा है, जहां पटरियों पर दबाव के कारण यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही अक्सर प्रभावित होती है। रेल परियोजनाओं के तहत हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन पर स्थित खड़गपुर-भद्रक (173 किमी) और भद्रक-हरिदासपुर (75 किमी) के बीच चौथी रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा।

**60 लाख से अधिक आबादी को मिलेगा फायदा-** चारों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के आठ जिलों से होकर गुजरेंगी। इससे करीब 6,448 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिनकी कुल आबादी लगभग 60 लाख है। देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क बेहतर होगा। बैठक सोशल मीडिया पहुंच पर भी चर्चा हुई। में मंत्रियों से अपने प्रयासों को तेज करने के लिए कहा गया ताकि उनके संदेश व्यापक जनसमुदाय, विशेषकर युवाओं तक पहुंच सकें।

## कश्मीर पर अमेरिकी यात्रा परामर्श की समीक्षा होगी

**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा, हम इस बात पर विचार करेंगे कि क्या अमेरिका की ओर से जारी यात्रा परामर्श के स्तर को कम किया जाना चाहिए, क्योंकि जैसा कि मैंने पहले कहा, यह एक खूबसूरत जगह है। गोर ने कहा, मुझे लगता है कि बहुत से अमेरिकी जम्मू-कश्मीर आकर इसकी खूबसूरती का दीदार करना और यहां मौजूद अवसरों के बारे में जानना पसंद करेंगे। इससे पहले श्रीनगर पहुंचने पर गोर ने बयान जारी कर कहा कि यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। हमारी अभी बहुत अच्छी बातचीत हुई।

## एक्सप्रेसवे की सड़क दो जगह धंसी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। 63 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे के 42 किमी लंबे ग्रीनफील्ड वाले हिस्से पर बार-बार सड़क धंसने और तारकोल उखड़ने से अब यह धंसने वाले एक्सप्रेस-वे के नाम से मशहूर होता जा रहा है। ताजा मामला कानपुर-लखनऊ लेन में स्थित भगवतपुर पुल के साइड बांध की मिट्टी का कुछ हिस्सा बारिश के कारण बहने का सामने आया है। इसके अलावा दो स्थानों पर सड़क भी धंसी है। एक्सप्रेस-वे के कानपुर-लखनऊ लेन में करौंदी से भगवतपुर जाने के दौरान पड़ने वाले पुल के रिटेरिंग वाल से सटी मिट्टी का एक हिस्सा बह गया है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण यहां से मिट्टी धीरे-धीरे बही और एक हिस्से को प्रभावित कर गई। इसे देख कर लगता है कि यदि समय रहते इसे बांधा नहीं गया और फिर बारिश हुई तो मिट्टी का काफी बड़ा हिस्सा बह सकता है। मिट्टी को देख कर लग रहा है कि रिटेरिंग वाल को सपोर्ट देने के लिए यहां मिट्टी का बांध बनाने के दौरान उसमें बोल्डर का प्रयोग नहीं किया गया है, जिसके कारण बारिश से मिट्टी की पकड़ ढीली हुई और वह बह गई। किमी 66.2 पर क्रैश बैरियर के नीचे की मिट्टी का कुछ हिस्सा भी बहा।

**सड़क की पट्टी का बड़ा हिस्सा धंसा है :** कानपुर-लखनऊ लेन में किमी 70.8 पर सड़क के तीसरे लेन में सड़क की पट्टी का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है। क्रैश बैरियर से सटे इस हिस्से में हुए धंसाव से बारिश का पानी रिस कर सड़क की सतह में जाने का खतरा बना हुआ है। लखनऊ-कानपुर लेन में किमी 37 पर मंगलवार की देर शाम को तीसरी लेन में पांच मीटर सड़क हल्की सी धंस गई थी। जिसकी बुधवार तक मरम्मत कर दी गई। तारकोल सूखने तक यहां पर कोन लगा कर ट्रैफिक को बगल वाली लेन से निकाला जा रहा है।

# एजुकेशन टू एम्लॉयमेंट रोडमैप तैयार करने की नसीहत दी

### चंदा चोरी मामले में चुप्पी पर उठाए सवाल, युवाओं के भविष्य से न खेलें : कांग्रेस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार पर छात्रों और युवाओं के मुद्दे पर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करने की बात कही। साथ ही युवाओं के लिए व्यापक और समयबद्ध एजुकेशन टू एम्लॉयमेंट रोडमैप तैयार करने की नसीहत दी। खरगे ने इंदिरा भवन में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कुछ लोगों को जेल भेज देने से मामला खत्म नहीं होगा। भारत दुनिया का सबसे युवा देश करार देते हुए उन्होंने कहा कि युवा हमारा भविष्य है, लेकिन सरकार की गलत नीतियों ने उन्हें हताशा में धकेल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा संस्थानों में आरएसएस से जुड़े लोगों को ही रखा जा रहा है। पढ़ लिखकर नौकरी की तलाश में निकलने वाले युवाओं को पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में कथित घोटालों और नियुक्तियों में देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मौजूदा समय में युवाओं की समस्याओं को कांग्रेस ने एजेंडे में शामिल किया है। राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम के माध्यम से उनकी आवाज को राष्ट्रीय पटल पर रखा है। ऐसे में पार्टी को भविष्य की तैयारी के लिहाज से युवाओं के लिए स्पष्ट, व्यापक और समयबद्ध रुपरेखा तैयार करनी चाहिए।



# पहाड़ी से गिरे मलबे से वैलीब्रिज ध्वस्त, चीन सीमा से संपर्क कटा

### धारचूला-तवाघाट राजमार्ग पर दरकी पहाड़ी, मलबे की चपेट में आने से वैलीब्रिज टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धारचूला

धारचूला-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुलागाड़ के पास पहाड़ी से गिरे मलबे और भारी बोल्डरों की चपेट में आने से वैलीब्रिज ध्वस्त हो गया। पुल टूटने से उच्च हिमालयी क्षेत्र की तीनों घाटियों दारमा, व्यास और चौदास में रहने वाले लोगों की आवाजाही ठप हो गई है। साथ ही भारत का चीन सीमा से भी संपर्क पूरी तरह से कट गया है।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात कुलागाड़ के समीप स्थित पहाड़ी में भूस्खलन होने से मलबे के साथ ही बड़े-बड़े बोल्डर गिर गए। जिसकी चपेट में आने से वैली ब्रिज क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। अफसरों ने बताया कि बुधवार सुबह छह बजे के करीब गश्त में निकलें बीआरओ कर्मियों को घटना की जानकारी मिली। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील बंद इस मार्ग में जल्द से जल्द यातायात बहाल करने में प्रशासन जुट गया है। वहीं, धारचूला-तवाघाट एनएच बंद होने से पूजा अर्चना को उच्च हिमालयी गांवों को जा रहे ग्रामीणों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। ?

भूस्खलन के कारण बोल्डरों के गिरने से वैली ब्रिज टूटा है। कुलागाड़ में छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। वेली ब्रिज के निर्माण को लेकर कर भी जल्द ही काम शुरू होगा।

कुलागाड़ में वैलीब्रिज ध्वस्त होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इस बार भूस्खलन ने वैलीब्रिज को नुकसान पहुंचाया, लेकिन पूर्व में कुलागाड के उफान में आने की कीमत पुल ने चुकाई थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक वर्ष 2013 और 2024 में भी वैलीब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ।



## झारखंड: सात जिलों में हुई बारिश ने बढ़ाई दिक्कत

झारखंड के रांची, चतरा, लातेहार, गढ़वा, लोहरदगा, बोकारो जिलों में मंगलवार से लेकर बुधवार तक भारी बारिश हुई, जिसने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इन जिलों में 85 से लेकर 190 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य, अगले कुछ दिन तक लोगों को भारी बारिश से राहत मिल सकती है।

■ वर्ष-12 अंक-287 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

सत्यधर्मं समाश्रित्य यत्कर्म कुरुते नरः।
तदेव सकलं कर्म सत्यं जानीहि सुव्रते।।

**भावार्थ** : हे मिठास! एक आदमी जो सच्चे धर्म के आधार पर काम करता है कि सब कुछ सच है, ऐसी समझ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 20 अगस्त, 2026

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्।।

**भावार्थ** : मृत धर्म मारने वाले को नष्ट कर देता है, और संरक्षित धर्म उद्धारकर्ता की रक्षा करता है। इसलिए कभी भी धर्म का उल्लंघन न करें, इस डर से कि कहीं मारे गए धर्म हमें कभी न मारें।

## अराजकतायाः, भगदड़सदृशानां परिस्थितीनां वा सूचनाः न प्राप्ताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एसपी प्रदीपशर्मा इत्यनेन उक्तं यत् ३६ घण्टानां पालीयां प्रायः २४०० पुलिसकर्मचारिणः नियोजिताः सन्ति। सुरक्षायन्त्रे १० ड्रोन्, आरुह्य पुलिस-एककं, बम्ब-निष्कासन-दलानि च सन्ति। कार्मिकाः शीघ्रमेव रोगाक्रान्तान् भक्तान् चिकित्सायै चिकित्सालयं प्रति त्वरितम् आगच्छन्ति। अराजकतायाः, भगदड़सदृशानां परिस्थितीनां वा सूचनाः न प्राप्ताः। एसपी इत्यनेन अपि उक्तं यत् मुख्यमार्गेषु जामस्य निवारणाय यातायातविपथाः स्थापिताः सन्ति; गूगल-नक्शानां उपयोगः जनान् न्यून-सङ्कीर्णमार्गान् प्रति मार्गदर्शनाय क्रियते, येन तेषां कृते पार्किङ्ग-क्षेत्रं प्राप्तुं, नगरात् निर्गन्तुं च

## सम्पादकीयम्

### असमानतायाः विषये लिखितवन्तौ

असमानतायाः विषये लिखितवन्तौ। पूर्वं विमानयानं आरु मलेशिया विमानसेवा जेम्स् स्वस्य पुस्तके अर्बपतिराज इति लिखति यत् आर्थिकोदारीकरणानन्तरं भारते आर्थिकविषमता चरमस्तरं प्राप्तवती अस्ति। सः एतत् क्रोनी कैपिटलिज्म इति अपि आरोपयति। आर्थिकविषमता देशस्य सामाजिकराजनैतिकव्यवस्थासु आव्हानानि जनयति इति विशेषज्ञाः निरन्तरं चेतयन्ति। परन्तु इति पुस्तके जॉन् ओ.मैक्गिनिस् लोकतान्त्रिकव्यवस्थासु धनस्य भूमिकायाः रक्षणं करोति । सः लिखति यत धनिनः एतादृशेषु समाजेषु आवश्यकं स्थिरतां आनयन्ति। पाकिस्तानी कश्मीरविवादः एनवाईटी इत्यस्य कृते पोके इत्यस्य 'पाकिस्तानी कश्मीर' इति लेबलं कृत्वा दूतावासस्य प्रतिक्रियायाः सामनां भवति। अरबपतिः केवलं तेषां शक्तिकारणात् लोकतान्त्रिकमान्यतानां अवहेलनां कुर्वन्ति इति धारणा जॉन् आव्हानं करोति। सः आह यत्, वस्तुतः धनिनः अन्येषां प्रभावशालिनां समूहानां प्रतिकाररूपेण कार्यं कुर्वन्ति-यथा पत्रकाराः, शिक्षाविदः, मनोरञ्जन-उद्योगस्य व्यक्तिः च जॉन् टिप्पणीं करोति यत् यद्यपि एते समूहाः जनमतस्य आकारे परिवर्तने च महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति तथापि तेषां निर्वाचनात्मकं उत्तरदायित्वं नास्ति।

ग्वालियर-पुलिस-अधीक्षकस्य कार्यालये अराजकता तदा उत्पन्ना


## यदा एकः आगन्तुकः काङ्ग्रेस-जिल्ला-महासचिवः अचानकं आत्महत्यां कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर- ग्वालियर-पुलिस-अधीक्षकस्य कार्यालये अराजकता तदा उत्पन्ना यदा एकः आगन्तुकः काङ्ग्रेस-जिल्ला-महासचिवः अचानकं आत्महत्यां कृतवान्। पुलिसकर्मचारिणः तं शीघ्रमेव चिकित्सालयं गतवन्तः, तत्र वैद्याः तं मृतं घोषितवन्तः ।

सोमवासरे अपराह्ने २:३० वादनस्य समीपे ग्वालियर-सपा-कार्यालये कोलाहलः अभवत्। काङ्ग्रेसनेता राजेशकिराः किञ्चित् कार्याय कार्यालयम् आगतः आसीत्। सः किञ्चित्कालं यावत परिसरे उपविष्टवान्; सः सपा-सपाठनेन सह शिकायतया चर्चां कर्तुं आगतः आसीत् किन्तु तस्य साक्षात्कारं कर्तुं असमर्थः अभवत्। अस्मिन् काले सः एसपी कार्यालयसङ्कुलस्य अन्तः स्वजीवनस्य समाप्त्यर्थं कठोरपदं स्वीकृतवान्। तत् कृत्वा निमेषेषु एव तस्य स्थितिः क्षीणा अभवत, एसपी-कार्यालयस्य बहिः एव सः अचेतनः भूत्वा पतितः।

पुलिसः तं त्वरितरूपेण अस्पतालं गतवान्; वैद्येन मृतः घोषितः - तस्य पुरुषस्य पतनं दृष्ट्वा प्रेक्षकाः, पुलिसकर्मचारिणः च तस्य साहाय्यं कर्तुं प्रयतन्ते स्म, परन्तु तस्य मुखात् फेनः आगच्छति स्म। बहिः स्थिताः पुलिसकर्मचारिणः ग्वालियरस्य एसपी इत्यस्मै घटनायाः विषये सूचनां दत्तवन्तः। सपा तत्क्षणमेव राजेशकिरारं आधिकारिकवाहनेन जयरोग्यचिकित्सालये 'हजरबिस्तार' (१,००० शय्यायुक्तं) भवनं प्रति नेतुम् व्यवस्थां कृतवान्। प्रारम्भिकपरीक्षायाः अनन्तरं वैद्याः तं मृतं इति घोषितवन्तः। ततः परं तस्य शवस्य शवपरीक्षायै प्रेषितम् अस्ति।



२५ वर्षेभ्यः काङ्ग्रेसस्य दिग्गजः- पोस्टमार्टम् हाउसम् आगत्य काङ्ग्रेसनेता रविन्द्रसिंहः अवदत् यत् राजेशकिरारः विगत २५ वर्षेभ्यः काङ्ग्रेसपक्षेण सह सम्बद्धः अस्ति, सम्प्रति सः जिलामहासचिवरूपेण कार्यं कुर्वन् अस्ति। प्रतिवेदनानि, बरामदः आत्महत्यापत्रः च सूचयति यत् सः वित्तीयव्यवहारस्य विषये कतिपयैः व्यक्तिभिः उत्पीडितः आसीत्; टिप्पणी एतेषां व्यक्तिनां परिचयं करोति। सः मुख्यमन्त्रीं प्रति अपि आह्वानं कृतवान् यत् ग्वालियर-नगरे सूदग्राहककारणात् कस्यचित् प्राणहानिः न भवति चेत् कदापि मासः अपि न गच्छति इति, अस्मिन् प्रकरणे उत्तरदायीनां विरुद्धं कठोरकार्याणि करणीयाः इति आग्रहं कृतवान्। पुलिस सूचना संग्रहण- सीएसपी रोबिन् जैन् इत्यनेन उक्तं यत् राजेश किरा आगमनात् पूर्वं विषयुक्तं पदार्थं सेवितवान् आसीत्, एसपी कार्यालये स्थित्वा तस्य स्थितिः अपि दुर्गता अभवत्, येन तस्य तत्क्षणं चिकित्सालयं स्थानान्तरणं जातम्। तस्य मृत्योः विषये तस्य कुटुम्बं सूचितं, तस्य एतादृशं पदं किमर्थं गृहीतम् इति ज्ञातुं प्रयत्नाः क्रियन्ते; तथापि संकेताः सूचयन्ति यत सः भूमिस्वामित्वविवादेन दुःखितः आसीत्। पुलिस अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति, सः कुत्र किमर्थं च विषयुक्तं पदार्थं सेवितवान् इति अपि निर्धारयितुं प्रयतते। इदानीं सीएसपी इत्यनेन उक्तं यत् राजेशस्य मृत्योः पूर्वं कस्यापि पुलिसकर्मचारिणः सह कोऽपि अन्तरक्रियाः नासीत्; अतः प्रकरणं अन्वेषणीयं वर्तते।

पश्चिमबङ्गस्य बीरभूमनगरस्य

## तारापिठमन्दिरस्य समीपे होटेले अग्निः : ७ जनाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिमबङ्गस्य बीरभूममण्डलस्य तारापिठस्य मन्दिरनगरस्य निजहोटेले सोमवासरे विशालः अग्निः प्रज्वलितः। अस्मिन् घटनायां प्रायः सप्त जनाः दग्धाः अभवन्। चतुर्महलस्य होटेलस्य भूतलस्य प्रातः ४:०० वादनस्य समीपे अग्निः आरब्धः। अग्निनिविदाद्वयं घटनास्थले आगतवन्तौ, अग्निशामकाः तत्क्षणमेव ज्वलनं निवारयितुं आरब्धवन्तः; स्थानीयजनाः अपि अस्मिन् प्रयासे सहायतां कृतवन्तः। इदानीं अग्निः नियन्त्रणे कृतः अस्ति तथापि मृतानां संख्या वर्धयितुं शक्नोति इति आशङ्का वर्तते।

समाचारानुसारं होटेले वातानुकूलन-युनिट्-इत्यस्मात् अग्निः उत्पन्नः, तीव्रगत्या प्रसृतः च। प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञातं यत् होटेले अग्निसुरक्षायाः मूलभूतानाम् उपायानां अभावः आसीत्, अग्निसंकेतस्य च समये एव ध्वनिः न अभवत्। पश्चात् अधिकारिणः विस्तृतं अन्वेषणं करिष्यन्ति।

पुलिस किं वदति बीरभूमस्य एसएसपी नीलेशश्रीकान्त गैकवाड् इत्यनेन उक्तं यत्, अद्यापि प्रयत्नाः प्रचलन्ति। सर्वेषां कृते रामपुरहट-अस्पताले प्रेषणं कृतम् अस्ति। एतावता ११ तः १२ जनाः चिकित्सालये प्रवेशिताः सन्ति। अस्मिन् क्षणे वयं अधिकाधिकं सूचनां दातुं न शक्नुमः। अस्मिन् घटनायां बहवः घातिताः घटनायां अनेके जनाः घातिताः भूत्वा रामपुरहाट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयं चिकित्सालयं च नीतौ। तारापिठस्य प्रसिद्धे कालीमन्दिरस्य पूजार्थं बहुसंख्याकाः जनाः समागताः आसन् तदा एषा घटना अभवत्। कोलकातानगरस्य एका महिला अतिथिः कथयति स्म यत् सम्पूर्णं होटेल् धूमेन पूरितम् आसीत्, बहवः च पलायितुं असमर्थाः अभवन्। सा श्वसनस्य कष्टं वर्णितवती यत् अकस्मात् सम्पूर्णं होटेल् धूमेन आक्रान्तम् आसीत्। वयं श्वसितुम् न शक्तवन्तः, तस्मात् निर्गमनमार्गस्य अन्वेषणं कठिनं जातम् इति।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन शांत और खुश रहें। 30 मिनट की एक्सरसाइज आपके लिए अच्छी रहेगी।

**वृषभ** : शाम में अपने लवर के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** : शाम तक सफलता धीरे-धीरे मिलेगी। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है।

**कर्क** : खर्च करते वक्त आपको सावधानी बरतनी जरूरी है। वैवाहिक जीवन भी मधुर रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**सिंह** : कोई गुड न्यूज भी मिल सकती है। अपनी फीलिंग्स को पार्टनर के साथ शेयर करना अच्छा रहता है।

**कन्या** : लाइफ पार्टनर के साथ थोड़ी बहुत अनबन हो सकती है। कामकाज थोड़ा ज्यादा रह सकता है।

**तुला** : वहीं, खर्च की अधिकता भी रहेगी। ज्यादा तनाव न लें और काम का प्रेशर घर पर न लाएं। कार्यों को प्राथमिकता दें।

**वृश्चिक** : काम का प्रेशर ज्यादा फील हो तो कुछ देर के लिए ब्रेक लें। खुद को हाइड्रेटेड जरूर रखें।

**धनु** : अपनी रूटीन पर ध्यान दें। आर्थिक जीवन स्टेबल रहेगा। आपने खाने-पीने पर आज ध्यान दें।

**मकर** : आज के दिन कोई नया प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है, जिससे धन लाभ भी होगा। एक मजबूत लव बॉन्ड बनाने की उम्मीद करें।

**कुंभ** : गुस्से को काबू में रखना ही बेहतर रहेगा। करियर में बैलेंस मेंटेन करके चलें।आर्थिक खुशहाली रहेगी।

**मीन** : काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। अपने बजट का ध्यान रखें। पैसों के मामले में जल्दबाजी करने से बचें।

## ज्योतिष/वास्तु

# साल खत्म होने से पहले इन राशि वालों को मिलेगा जबरदस्त लाभ, 2027 तक भी रहेंगे अच्छे दिन

ग्रह-गोचरों के प्रभाव से जातकों के लिए आने वाला समय खास रहेगा। विशेष लाभ मिलने से लेकर विदेश यात्रा और रिश्तों में प्रेम-विश्वास का अच्छा संचार महसूस करेंगे।

साल 2026 समाप्त होने से पहले गुरु और राहु-केतु का राशि परिवर्तन होने वाला है। यह गोचर सभी राशियों पर अपना विशेष प्रभाव बनाएंगे। राहु अपने अचानक होने वाली घटनाओं और केतु आध्यात्मिकता के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुरु ग्रह भाग्य के कारक हैं। ऐसे में इन तीनों ग्रहों का गोचर कुछ राशियों के लिए अच्छा रहेगा। ज्योतिषियों की मानें, तो जातकों को साल खत्म होने से पहले कई बड़े लाभ भी मिल सकते हैं। खास बात यह है कि, गुरु व राहु-केतु गोचर से मिलने वाले शुभ परिणामों का असर अगले साल 2027 तक भी बना रह सकता है। जातकों को सम्मान, नौकरी, लाभ, यात्रा और रिश्तों में प्रेम-विश्वास का अच्छा संचार देखने को मिल सकता है। साथ ही करियर और आर्थिक मामलों में भी नई संभावनाएं बनेंगी। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों को सफलता और सम्मान की प्राप्ति होगी। आप किसी भी काम को करने में अपने अनुभव के दम पर सफल होंगे। सही योजना बनाकर आगे बढ़ने से लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी सफलता मिल सकती है। लंबे समय से अटके काम बनने की संभावना रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी समझदारी और मेहनत का लाभ मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा के भी योग हैं। आर्थिक मामलों में भी पहले से बेहतर परिणाम मिलने के संकेत हैं। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग बनेंगे।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों का परिवार में प्रभाव बढ़ेगा और आपकी मनोकामनाएं भी पूरी हो सकती हैं। मार्केटिंग से संबंधित कार्यों से जुड़े लोग अच्छा पैसा कमा सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति के योग बनेंगे। अचानक घूमने या पार्टी का प्लान बन सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिलने के साथ तरक्की के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों का भाग्य पूरा साथ देगा। आपकी सेहत और ऊर्जा के स्तर में भी काफी सुधार होगा। विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाएगी और परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलने के संकेत हैं। आपका अटका हुआ धन वापस मिल सकता है और कोई शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में भी आपके प्रयासों का अच्छा फल मिल सकता है। लंबे समय से जिस काम को पूरा करने की कोशिश कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने की संभावना रहेगी। साथ ही आने वाला समय करियर और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है।

पंत के 100 सिक्स, जायसवाल के उकसाने पर डिकवेला आउट

# मानव सुथार को दूसरे ही टेस्ट में 10 विकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गॉल

भारत ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका को 165 रन से हरा दिया। स्पिनर मानव ने अपने दूसरे ही टेस्ट में 10 विकेट लिए। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के पूरे किए और ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने।

गॉल टेस्ट में कई रिकॉर्ड और दिलचस्प मोमेंट्स देखने को मिले। यशस्वी जायसवाल ने श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को छक्का लगाने के लिए उकसाया और इसके तुरंत बाद वे आउट हो गए। कप्तान शुभमन गिल ने एक हाथ से बेहतरीन डाइविंग कैच भी पकड़ा। रवींद्र जडेजा ने 350 टेस्ट विकेट पूरे किए। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। उन्होंने 19 पारी बाद भारत के लिए नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए शतक जमाया।



**पांचवां दिन-** भारत 600वें टेस्ट में जीता, आखिरी 100 में 57 जीता- गॉल टेस्ट भारत का 600वां टेस्ट था। टीम ने यह मुकाबला जीतकर इसे यादगार बना दिया। भारत ने शुरूआती 100 टेस्ट में सिर्फ 10 मैच जीते थे, जबकि आखिरी 100 टेस्ट में टीम ने 57 मैच जीते हैं। इन 100 टेस्ट में भारत का जीत-हार का रेशियो 1.838 रहा, जबकि शुरूआती 100 टेस्ट में यह सिर्फ 0.25 था।

**सुथार विदेश में भारत के लिए 10 विकेट लेने वाले 7वें स्पिनर-** मानव सुथार ने पहली बार एक टेस्ट में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने 24 साल 16 दिन की उम्र में विदेश में एक टेस्ट में 10 विकेट लिए। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के सबसे युवा गेंदबाज बने। सुथार भारत के लिए विदेश में एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले 7वें स्पिनर हैं। उन्होंने श्रीलंका की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

**शुरूआती दो टेस्ट में दो फाइव विकेट हॉल-** सुथार ने अपने शुरूआती दो टेस्ट में ही दो बार 5 विकेट हॉल पूरा कर लिया। गॉल में दूसरी पारी में उन्होंने 6 विकेट लिए। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में उन्होंने 5 विकेट लिए थे।

**दूसरे टेस्ट में ही 10 विकेट का रिकॉर्ड-** गॉल टेस्ट में कुल 10 विकेट लेकर सुथार ने श्रीनिवास वेंकटराघवन का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। वेंकटराघवन ने अपने करियर के चौथे टेस्ट में 10 विकेट लिए थे, जबकि सुथार ने यह उपलब्धि अपने दूसरे ही टेस्ट में हासिल कर ली। अपने पहले दो टेस्ट में सुथार के 17 विकेट हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट सिर्फ नरेंद्र हिरवानी के 24 और अक्षर पटेल के 18 हैं।

**भारत-श्रीलंका टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय-** सुथार भारत-श्रीलंका टेस्ट इतिहास में एक मैच में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, मनींदर सिंह, वेंकटपति राजू और रविचंद्रन अश्विन यह उपलब्धि हासिल कर चुके थे। गॉल में यह तीसरा 10 विकेट हॉल था। भारत-श्रीलंका टेस्ट इतिहास में हुए कुल 10 विकेट हॉल में से 3 इसी मैदान पर आए। दूसरी पारी में सुथार ने 55 रन देकर 6 विकेट लिए। श्रीलंका में किसी भारतीय की यह दूसरी सबसे अच्छी गेंदबाजी है। उनसे आगे रविचंद्रन अश्विन हैं, जिन्होंने 2015 में गॉल में 46 रन देकर 6 विकेट लिए थे। सुथार ने दूसरी पारी में एक ही ओवर में 3 विकेट भी लिए। भारत की ओर से 2019 में रवींद्र जडेजा के बाद यह पहला ट्रिपल-विकेट ओवर था।

**दिनुषा ने स्वीप शॉट से 75 रन बनाए-** सोनल दिनुषा ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट से 75 रन बनाए। जनवरी 2007 के बाद टेस्ट में स्पिन के खिलाफ स्वीप से 60 या उससे ज्यादा रन बनाने के 13 मामले हुए हैं। इनमें 7 गॉल में आए। गॉल में जनवरी 2007 के बाद स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजों ने करीब 6.8% गेंदों पर स्वीप खेलने की कोशिश की है। 10 या उससे ज्यादा टेस्ट की मेजबानी करने वाले 32 मैदानों में यह सबसे ज्यादा प्रतिशत है।

**जायसवाल-डिकवेला की कच्छ वाली बातचीत-** यशस्वी जायसवाल ने निरोशन डिकवेला को छक्का लगाने के लिए उकसाया। उन्होंने मजाक में कहा कि छक्का मारोगे तो कच्छ में ले जाऊंगा। डिकवेला ने जवाब दिया- पहले कच्छ में ले जाओ, फिर छक्का मारूंगा। इसके तुरंत बाद उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और आउट हो गए।

## विमेंस हॉकी वर्ल्डकप- भारत का इंग्लैंड से मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ एम्सटेलवीन

विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का सामना आज इंग्लैंड से होगा। टीम इंडिया को टॉप-8 में पहुंचने के लिए यह मुकाबला सिर्फ ड्रॉ खेलना है। हारने की स्थिति में उसे चीन के खिलाफ साउथ अफ्रीका के जीत की कामना करनी होगी।

टीम इंडिया ने पहले मुकाबले में चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था। फिर अगले मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6-1 से बड़ी जीत दर्ज की। भारत ग्रुप में टॉप पर है। दूसरी ओर इंग्लैंड ने पहला मैच साउथ अफ्रीका से 4-0 से जीता, लेकिन चीन के खिलाफ उसे 2-4 से हार मिली। इंग्लैंड यह मैच हारने पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। मुकाबला शाम 6:30 बजे से शुरू होगा। भारत की दीपिका टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने दो मैचों में 2 गोल किए हैं। उनसे एक बार फिर इंग्लैंड के खिलाफ गोल करने की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर कोलविल 3 गोल के साथ लिस्ट में टॉप पर हैं। इंग्लैंड की सोफी हैमिल्टन और टेसा हॉवर्ड के भी 2-2 गोल हैं, जो इस मैच में उतरेंगी।

## भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से हाई-फाइव किया



### क्रिकेटर्स ने हाथ नहीं मिलाया था, पहलगाम अटैक के बाद नो-हैंडशेक पॉलिसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीम ने मेंस वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, लेकिन खेल भावना दिखाते हुए हाई-फाइव किया।

इससे पहले 23 जून 2026 को लंदन में हुए मुकाबले में भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाई-फाइव हुआ था। दरअसल 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय खिलाड़ियों और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच हैंडशेक नहीं करने की नीति देखी जा रही है।

**हाथ मिलाने पर हॉकी इंडिया की रोक नहीं-** हॉकी इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने पर भारतीय टीम पर कोई रोक नहीं लगाई है। उसने कहा था कि इस मामले पर वे एफआईएच और ओलिंपिक चार्टर के नियमों का पालन करेंगे।

**महिला क्रिकेट टीम ने हाथ नहीं मिलाया था-** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 12 जून से 5 जुलाई 2026 तक आयोजित विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिला था।

**पिछले एशिया कप से शुरू हुई नो-हैंडशेक पॉलिसी-** भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तानियों से नो-हैंडशेक पॉलिसी पिछले साल मेंस एशिया कप से शुरू हुई थी। जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 20 अगस्त, 2026



## खबर एक नजर...

### रिक्शा हुई बेकाबू, ई-बाइक और आटो को मारी टक्कर

**उज्जैन।** गदापुलिया हरिफाटक ब्रिज के पास बुधवार शाम तेजगति से आ रही रिक्शा बेकाबू हो गई। पहले रिक्शा ने ई-बाइक सवार मोहम्मद हमजा पिता मुस्ताक अहमद 19 साल नागौरी मोहल्ला और उसके भाई जियाद को टक्कर मार दी। दोनों भाई घायल हो गये। रिक्शा ने आगे चल रही आटो को भी टक्कर मार दी। जिसमें सवार राजस्थान के भिवाड़ी में रहने वाली किरण 25 साल घायल हो गई। वह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई थी। घटनाक्रम में रिक्शा का चालक जहूर पिता मुस्ताक खां निवासी गांधीनगर आगररोड भी घायल हुआ है। सभी को उपचार के लिये लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां मोहम्मद हमजा, किरण और जहूर खां को भर्ती किया गया है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई है।

### सिहोर के बदमाश ने चुराया था महिला यात्री का पर्स

**उज्जैन।** 14 अगस्त को उज्जैन से चंद्रपुर की यात्रा के लिये मानरगुडी एक्सप्रेस में सवार हुई महिला यात्री साधना का पर्स अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया था। जिसमें 35 हजार रुपए नगद रखे थे। महिला यात्री ने ट्रेन के भोपाल पहुंचने पर मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई थी। जांच डायरी उज्जैन जीआरपी के पास पहुंची तो मामले में प्रकरण दर्ज किया गया और प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी तलाश कर उसे स्टेशन परिसर से पकड़ा गया। जिससे पूछताछ की गई तो उसने ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी करना कबूल कर लिया। मामले में जीआरपी एसआई बजेन्द्र कुशवाह ने बताया कि पर्स चोरी करने वाला निखिल पिता जीतू वंशकार आबिदाबाद सिहोर का रहने वाला है। जिसके पास से 10 हजार 500 रुपए बरामद किये गये है। शेष रुपए उसने जुएं और मौज-मस्ती में खर्च कर दिये थे। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। महिला यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

### पांच दिनों से थमी बारिश तापमान में आई तेजी

**उज्जैन।** अगस्त माह के दूसरे सप्ताह में सक्रिय हुआ मानसून अब लौट चुका है। पिछले पांच दिनों से बारिश पूरी तरह से थम गई है। जिसके चलते तापमान में तेजी आ रही है। एक बार फिर से उमस महसूस होने लगी है। स्थानीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त के अनुसार बुधवार को दिन का तापमान 31 डिग्री के करीब पहुंचा है। अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री दर्ज किया गया है। हवा 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही है। अभी कुछ दिनों तक बारिश के आसार नहीं है। अब तक 605 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जो 24 इंच है। शहर की औसतन बारिश का आंकड़ा 36 इंच है, जिसमें 12 इंच की जरूरत ओर है। वषार्काल 15 सितंबर तक का है, इस बीच औसतन आंकडा पूरा हो सकता है।

### दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी को 17 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 21 सितंबर 2023 को नाबालिग अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश की, इस दौरान पता चला कि बालिका के लापता होने वाले दिन से देवीलाल पिता हरिराम सिंगार 23 वर्ष निवासी ग्राम दंडोता भी लापता है। परिजनों की शिकायत पर बड़नगर थाना पुलिस ने अपहरण की धारा 363 का का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। कुछ दिन बाद देवीलाल सिंगार को हिरासत में लिया गया और उसके कब्जे से नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग के कथन लेने पर उसने देवीलाल द्वारा जबरदस्ती गलत काम करना बताया। पुलिस ने मामले में 376, 376(3), 376 (2) (एन) भादंवि एवं धारा 5 (जे-11)/6, 5-एल/6, 3/4(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का इजाफा कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। 35 माह चली सुनाई के बाद बड़नगर पास्को एक्ट न्यायालय के विशेष न्यायाधीश रामबिलास गुप्ता ने फैसला सुनाते हुये आरोपी को 20 की सजा और 17 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में भारती उज्जालिया, विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

### चैकिंग में बाइक सवार के पास मिली शराब

**उज्जैन।** वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार को घेराबंदी कर पकड़ा गया तो उसके पास से हजारों की अवैध शराब बरामद हो गई। मामले में प्रकरण दर्ज कर बाइक सवार से पूछताछ की जा रही है। भाटपचलाना थाना पुलिस द्वारा कस्बे में वाहन चैकिंग की जा रही थी। तभी पता चला कि बिना नम्बर की बाइक पर बड़नगर से रूनिजा की ओर एक व्यक्ति आ रहा है। जिसके पास अवैध शराब है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने चैकिंग में तैनात पुलिसकर्मियों को घेराबंदी के लिये रूनिजा मार्ग पर रवाना किया। बाइक सवार आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने का प्रयास किया। लेकिन घेराबंदी होने पर उसे पकड़ लिया गया। उसकी बाइक पर एक विमल का झोला और टाट का बोरा लदा दिखाई दिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब 300 क्वार्टर बरामद हो गये।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 247-3 |
| मेन बाजार | 569-0 | 334-0 |
| मिलन डे | 145-0 | 345-2 |
| मिलन नाइट | 890-7 | 270-9 |

1 2 7

---

**लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत एप शिकायत के माध्यम से**

# लोकपथ एप शिकायत निवारण में उज्जैन अव्वल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

लोक निर्माण विभाग ने सोच बदलो देश बदलेगा की तर्ज पर महाकाल की नगरी उज्जैन में अपनी सडकों की सूरत बदलने में प्रदेश में कीर्तिमान रच दिया है। सडकों के गड्ढों और खराब रास्तों की ऑनलाइन शिकायतों के निपटारे में उज्जैन जिला प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा है। उज्जैन लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव ने बताया कि एप पर दर्ज शिकायतों को बिना किसी देरी के सीधे मैदानी इंजीनियरों तक पहुंचाकर समय सीमा से पहले निराकरण कराने की सीधी जवाबदेही तय की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर आए हैं।




यादव के अनुसार यदि आपको अपने आसपास या शहर में कोई भी खराब सडक या गड्ढा दिखाई दे, तो गूगल प्ले स्टोर से लोकपथ एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अपलोड करके अपनी शिकायत सीधे विभाग तक पहुंचा सकते हैं।

#### ऐसे काम करता है एप-

विभाग ने शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए एक पारदर्शी और डिजिटल व्यवस्था तैयार की है। आम नागरिक किसी भी खस्ताहाल सडक या खतरनाक गड्ढे के पास पहुंचकर लोकपथ एप के जरिए उसकी लाइव फोटो खींचकर अपलोड कर सकते हैं। एप पर शिकायत दर्ज होते ही मुख्यालय से संबंधित क्षेत्र के इंजीनियर को मैसेज और लोकेशन पहुंच जाती है। संबंधित इंजीनियर को तय समयावधि (सामान्यतः 7 दिन) के भीतर गड्ढों का सुधार कार्य पूरा करना होता है। सडक की मरम्मत के बाद अधिकारी को उसी स्थान की नई फोटो एप पर अपलोड करनी होती है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि मिलने के बाद ही सिस्टम में शिकायत को बंद माना जाता है।

#### 327 शिकायतों का निराकरण-

हाल ही में लागू की गई व्यवस्था के तहत पिछले पूरे माह में लोकपथ एप पर जिले की खराब सडकों और गड्ढों की मरम्मत से जुड़ी कुल 327 शिकायतें आई थीं। उज्जैन लोक निर्माण विभाग की विशेष टीम ने इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया और ऑनलाइन ही शिकायतकर्ताओं से उनकी संतुष्टि का फीडबैक भी लिया। इसके तहत प्रदेश में लोकपथ एप की शिकायत निवारण में जिला प्रदेश में अव्वल रहा है।

---

**ब्रांडेड सिगरेट चोरी करने वाले आरोपी को आज पेश करेगी पुलिस**

## कार में डीजल खत्म होने पर ट्रेन से गया था राजस्थान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महेश्वरी एजेंसी से 20 लाख से अधिक की ब्रांडेड सिगरेट चोरी करने वाले एक आरोपी को आज पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। उसका दूसरा साथी वलसाड़ गुजरात जेल में बंद है, जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया जायेगा। गिरफ्त में आये आरोपी से 18 लाख की सिगरेट, 1.35 लाख नगद और किया सोनेट कार बरामद की जा चुकी है।

दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी से 6-7 जून की रात लाखों की ब्रांडेड़ सिगरेट चोरी होने का मामला सामने आया था। माधवनगर थाना पुलिस ने सौरभ महेश्वरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। फुटेज देखने पर 2 बदमाश 2 कार से आना सामने आये थे। फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम राजस्थान पहुंची थी, जहां चित्तौड़ में कैमरों के फुटेज देखने पर दोनों बदमाशों के चेहरे स्पष्ट सामने आ गये थे। जिसके आधार पर उनकी पहचान करने पर सामने आया था कि दोनों बदमाशों के खिलाफ गुजरात के वलसाड़ में सिगरेट चोरी के मामले कोर्ट में चल रहे और पेशी पर आते है। सुराग मिलते ही पुलिस ने उनकी पेशी पर आने की तारीख और समय पता किया। जानकारी मिलने पर वलसाड़ पुलिस की मदद से उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। वलसाड़ क्राइम टीम ने दोनों को दबोच लिया, एक बदमाश रेहान उर्फ राजा ठाकुर उर्फ संतोष उर्फ मुकेश चौधरी उर्फ राजू मराठा 51 साल निवासी शिवाजीनगर, कमलानगर बेगमबाड़ी हरि मस्जिद के पास गोवंडी पूर्वी मुम्बई वलसाड़ में हुई चोरी का आरोपी होना सामने आया। जिसे वलसाड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। दूसरे आरोपी रामपाल उर्फ रामा पिता हरीराम चौधरी जाट निवासी इंदिरा कालोनी पाली राजस्थान को उज्जैन पुलिस के पहुंचने पर सौंप दिया। रामपाल को उज्जैन लाई पुलिस ने कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के बाद निम्बाहेड़ा स्थित खंडहर मकान से 18 लाख की सिगरेट, 1.35 लाख नगद और किया सोनेट कार जप्त कर ली। रामपाल का गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया जायेगा। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि दूसरा आरोपी रेहान वलसाड़ जेल में है, जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर लाकर चोरी की शेष सिगरेट बरामद की जायेगी।



#### दलोदा और नागझिरी से चुराई थी कार

बताया जा रहा है कि दोनों बदमाश काफी शातिर है। वह वारदात के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे। सिगरेट चुराने के लिये पहले गगूल पर आईटीसी एजेंसी को सर्च करते थे और गोदाम का पता लगता थे। उसके बाद कार चुराने की वारदात करते थे, जिसे सिगरेट चोरी करने निकलते थे। उज्जैन आने से पहले दोनों बदमाशों ने दलोदा से एक्सयूवी 300 चोरी की थी। दशहरा मैदान आने पर महेश्वरी एजेंसी में सिगरेट के पैकेट अधिक होने पर दोनों नागझिरी पहुंचे थे और वहां से एक्सयूवी 500 चोरी कर वापस लौटते थे, दोनों कारो में सिगरेट भरने के बाद पाली राजस्थान के लिये निकले थे, लेकिन जावरा में रेहान की कार का डीजल खत्म हो गया था, वह कार एक स्थान पर खड़ी कर ट्रेन से पाली पहुंचा था, जहां पहले पहुंच चुके रामपाल के साथ वापस जावरा लौटकर सिगरेट से भरी कार साथ ले गये थे।

#### निम्बाहेड़ा में छुपाकर रखते थे सिगरेट

पुलिस पूछताछ में पता चला कि दोनों के खिलाफ कई अपराध दर्ज है। जिसमें कार चोरी और सिगरेट चोरी शामिल है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से सिगरेट चुरा चुके है। चोरी की सिगरेट निम्बाहेड़ा में एक खंडहर मकान में छुपाकर रखी जाती थी। उज्जैन पुलिस ने दबिश देकर सिगरेट बरामद की है। किया सोनेट कार से वलसाड कोर्ट पेशी पर पहुंचे थे उसे भी जप्त किया गया है।

---

## मारपीट और अवैध वसूली में फरार बदमाश गिरफ्तार



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मारपीट के मामले में पुलिस गिरफ्त से दूर बदमाश ने फरारी के दौरान अवैध वसूली की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबीर से सूचना मिलने बाद 6 माह से फरार बदमाश नवाब पिता मुजम्मिल शाह निवासी आजाद गली महिदपुर को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बदमाश ने 23 फरवरी को अपने तीन साथियों के साथ सायरा बी के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। लेकिन वह फरार चल रहा था, इसी दौरान उसने 14 जून 2026 को अपने साथियों के साथ मिलकर जवाहर मार्ग निवासी मोहम्मद शाहिद का रास्ता रोक खुद को महिदपुर का दादा पहलवान बताकर अवैध रूपयों की मांग की थी और नहीं देने पर मारपीट कर भाग निकला था। बदमाश नवाब शाह के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण भी दर्ज किया गया था। मंगलवार को सूचना मिलने पर उसे महिदपुर आने पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

---

### दुपट्टे के फंदा बनाकर छात्रा ने लगाई फांसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दुपट्टे का फंदा बनाकर बुधवार दोपहर छात्रा ने फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने मृत घोषित करने के बाद नानाखेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी।

मुनीनगर में रहने वाली वंशिका पिता दिनेश राय 19 साल कॉलेज में प्रथम वर्ष का अध्ययन कर रही थी। दोपहर 1 बजे के लगभग उसने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे लटका देख नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर आये। वंशिका की मौत हो चुकी थी। नानाखेड़ा थाना एसआई रूकमणी ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों के गमगीन होने पर घटना की वजह सामने नहीं आई है। बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

---

## दोहरे हत्याकांड के आरोपी ने किया कोर्ट में समर्पण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर हमला कर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपियों में शामिल एक ने मंगलवार को कोर्ट में समर्पण कर दिया। जिसे 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। 20 दिन पहले भी 2 आरोपियों ने सरेंडर किया था।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर पासी गिरोह के बदमाशों ने तलवार-चाकू, कट्टों से गोरकर परिवार पर हमला किया था। कई राउंड गोलियां चलाई थी। जिसमें सगे भाईयों लोकेश गोरकर और जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। दोनों के चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में तपन गोरकर की शिकायत पर 8 नामजद और अन्यों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से लगातार आरोपियों की तलाश जारी है। मंगलवार को एक आरोपी सन्नी पिता संतोष बोरासी निवासी जबरन कालोनी ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि आरोपी को 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। जिससे फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। विदित हो कि 29 जुलाई को हत्याकांड से जुड़े 2 आरोपियों संजय पिता रामलखन पासी जबरन कालोनी और वेदू पिता दीपक पासी निवसी महू इंदौर ने कोर्ट में समर्पण किया था। दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोशन पासी और 3 साथी अब भी फरार है।

#### अब तक इनकी हो चुकी गिरफ्तारी

दोहरा हत्याकांड सामने आने के बाद दूसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी नरेश पासी को लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी निवासी कुमार खाड़ी बाणगंगा, विवेक पिता दिनेश वर्मा निवासी बड़ी ग्वालटोली इंदौर को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। वहीं अर्थव गर्ग निवासी विवेकानंद कालोनी, राकेश पासी, दुर्गेश पासी जबरन कालोनी और मंजू उर्फ मीना बोरासी के साथ पूर्व में समर्पण कर चुके संजय पासी और वेदू पासी को जेल भेजा जा चुका है।

---

**महाकाल लोक के फूड जोन में नेमा कुल्फी सेंटर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**

## गंदगी और चूहे मिलने पर खाद्य पंजीयन निलंबित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्रावण मास में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। इसी बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर उज्जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बाजार में बिक रहे दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत 19 अगस्त 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच और नमूना कार्रवाई की। महाकाल लोक स्थित नेमा कुल्फी फालूदा, शॉप नंबर-2, मिडवे शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने प्रतिष्ठान को नोटिस जारी करते हुए खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मौके पर खाद्य व्यवसाय भी बंद करवाया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के स्टोरेज एरिया में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। विभागीय टीम को वहां गंदगी के साथ चूहों की मौजूदगी भी मिली। खाद्य सामग्री के भंडारण वाले स्थान पर इस प्रकार की स्थिति सामने आने से खाद्य पदार्थों के दूषित होने की आशंका को लेकर विभाग ने गंभीरता दिखाई और कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने नेमा कुल्फी फालूदा से फालूदा सेवइया और केसर-पिस्ता कुल्फी के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने अन्य प्रतिष्ठानों से भी खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। महादेव बाटी भंडार, देवास गेट बस स्टैंड से तुअर दाल और बाटी के नमूने लिए गए। वहीं सपना स्वीट्स, रेलवे स्टेशन उज्जैन से मलाई बर्फी और काजू कतली के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। श्रावण मास और आगामी धार्मिक आयोजनों को देखते हुए उज्जैन में खाद्य प्रतिष्ठानों पर निगरानी महत्वपूर्ण है।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 945 करोड़ के एलिवेटेड ब्रिज का भूमिपूजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बुधवार शाम उज्जैन गृह नगर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन को एलिवेटेड ब्रिज की सौगात दी है। उन्होंनें उज्जैन शहर में बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर (इंद्रा नगर चौराहा से नीलगंगा चौराहा तक एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक) - कुल लंबाई 5.30 कि.मी. का भूमिपूजन किया। ब्रिज की लागत 945.20 करोड़ है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत होमगार्ड द्वारा कालिदास एकेडमी में प्रदर्शित किए गए आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं बचाव कार्य में उपयोग होने वाले आधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया। इस दौरान होमगार्ड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विभिन्न आपदा प्रबंधन यंत्रों की कार्यप्रणाली एवं उनके उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों का उपयोग बाढ़, आगजनी, भवन दुर्घटना, सड़क हादसे तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों एवं जवानों के प्रयासों की सराहना की। इससे पूर्व पुलिस लाईन स्थित हेलीपैड पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ,विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अध्यक्ष उज्जैन विकास प्राधिकरण रवि सोलंकी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, अध्यक्ष महापौर मुकेश टटवाल, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डी आई जी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एस पी प्रदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया।

---

**चौमेला से पंजाब लेकर जाते थे, प्याज की आड़ में करते थे तस्करी**

## रिमांड पर डोडाचूरा से भरी गाड़ी छोड़कर भागे आरोपी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

13 दिन पहले 2.34 क्विंटल डोडाचूरा से भरी पिकअप छोड़कर भागे पंजाब के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को कोर्ट में पेश कर दोनों को 7 दिनों की रिमांड पर लिया है। प्याज की आड़ में दोनों तस्करी करते थे।

नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवान ने बताया कि 4-5 अगस्त की रात एसआई रामप्रसाद वेद, प्रधान आरक्षक नीरज पटेल, ईश्वर चौहान, आरक्षक गजेन्द्र दुबे, रोहित मिश्रा शासकीय वाहन से गश्त पर निकले थे। लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर अक्षत स्कूल के आगे सड़क किनारे एक पिकअप दिखाई दी थी जो नाले में फंसी थी जिसका नम्बर पीबी 11 डीएन 2621 था। आसपास देखने पर चालक दिखाई नहीं दिया। पिकअप की तिरपाल खोली गई उसमें प्याज के बोरे दिखाई दिये। टीम ने पूरी पिकअप की तलाशी तो उसमें से मादक पदार्थ की गंध आने लगी। प्याज के बोरे हटाने पर 8 प्लास्टिक की बोरियां मिली। जिसमें 2 क्विंटल 34 किलो डोडाचूरा भरा होना आया था। प्याज की आड़ में मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की लगातार तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पंजाब के सिंध से मेघासिंह और गुलबिंदरसिंह निवासी पटियाला को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। दोनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। मादक पदार्थ से भरी पिकअप मिलने पर एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। पूछताछ में दोनों से मादक पदार्थ के संबंध में कई जानकारी सामने आ सकती है और तस्करी से जुड़े आरोपियों की सुराग मिल सकता है। फिलहाल दोनों ने बताया कि गाड़ी अनियंत्रित होने पर सड़क किनारे नाले में उतर गई थी, जिसे छोड़कर भाग निकले थे और पंजाब पहुंच गये थे।

#### गाड़ी में मिला था आधार-पेन कार्ड

एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि मादक पदार्थ डोडाचूरा से भरी पिकअप को जप्त कर थाने लाया गया था। जिसकी पूरी तलाशी लेने पर उसमें से आधार और पेन कार्ड मिले थे। जिसके आधार पर जांच शुरू की गई थी। दोनों कार्ड की मदद से पुलिस ने फोन नम्बर ट्रेस किया था और दोनों की तलाश शुरू की गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों चौमेला के रास्ते मादक पदार्थ लेकर आते थे और उज्जैन होते हुये पंजाब पहुंचते थे। गाड़ी में प्याज-आलू और अन्य सब्जियां भी भरते थे ताकि किसी को मादक पदार्थ तस्करी की शंका ना हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com